नई दिल्ली

मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 14
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


मौसम
अधि. 34
न्यून. 24


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## समझौते के अहम बिंदु

समझौते में प्रशिक्षण, सिम्युलेटर, संबंधित उपकरण, हथियार और प्रदर्शन आधारित रक्षा सामग्री शामिल है। स्वदेशी हथियारों के एकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) भी समझौते का हिस्सा है। मंत्रालय का कहना है कि नौसेना के लिए की जा रही खरीद से जुड़े इस समझौते में भारतीय वायुसेना के लिए फ्रांस से पहले खरीदे गए 36 राफेल विमानों के लिए अतिरिक्त उपकरण भी शामिल हैं। राफेल- मरीन को लेकर हुए समझौते में राजधानी स्थित नौसेना भवन में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में दोनों देशों के अधिकारियों ने समझौते, विमान पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल और हथियार पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान-प्रदान किया।

22 सिंगल सीटर और 4 ट्विन सीटर होंगे विमान, जिनकी खरीद पर आएगी कुल 64 हजार करोड़ रुपए की लागत

# भारत-फ्रांस के बीच 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के समझौते पर हस्ताक्षर

## नौसेना को फ्रांस से 2030 तक पूरी हो जाएगी राफेल विमानों की आपूर्ति



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बीच भारत की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के साथ-साथ उनकी रणनीतिक तैयारियां भी जोरों पर हैं। इसी कवायद के मध्य सोमवार को भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच नौसेना के लिए 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए कुल करीब 64 हजार करोड़ रुपए के एक अंतर सरकारी समझौते (आईजीए) पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर ▶▶ शेष पेज 5 पर



राजनाथ-लेकार्नू ने किए समझौते पर हस्ताक्षर

मंत्रालय ने बताया कि समझौते पर भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस से उनके सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकार्नू ने हस्ताक्षर किए। 26 विमानों में से 22 सिंगल सीटर और 4 ट्विन सीटर हैं। विमानों की बल को आपूर्ति 2030 तक पूरा हो जाएगी। इनकी तैनाती देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत पर की जाएगी। जो कि वर्तमान में नौसेना के बेड़े में शामिल मिग-29के विमानों का प्रयोग कर रहा है। राफेल का निर्माण ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला
दिल्ली कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### उदित राज ने थरूर को बताया भाजपा का वकील



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में पार्टी सांसद शशि थरूर की एक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि आखिर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वकील कैसे बन गए। थरूर ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा में रहे पूर्व सांसद उदित राज यह बेहतर समझते हैं कि सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से कौन बोलता है। थरूर ने पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देते हुए रविवार को कहा था कि सुरक्षा में कुछ चूक जरूर हुई है। लेकिन अपनी बेहतरीन खुफिया सेवाओं के लिए विख्यात इजराइल का भी उदाहरण है।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन का हमला



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सोमवार को एक बाघिन ने वनकर्मी पर हमला कर दिया। यह पिछले 7 दिनों में बाघिन का तीसरा हमला है। ये घटना पतौर परिक्षेत्र की पनपथा बीट में की है। वनकर्मी राम सुहावन चौधरी गश्ती दल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। हमले में राम सुहावन के सिर, पीठ और कंधे में चोट आई है। उनका अस्पताल में भर्ती कराया गया है, डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। इससे पहले बाघिन दो ग्रामीणों पर हमला कर चुकी है। किया था। वन विभाग की टीम विशेष सतर्कता बरत रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के बीच राजधानी में चला हाई प्रोफाइल बैठकों का सिलसिला...

# राजनाथ ने पीएम को दी जम्मू-कश्मीर की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और रणनीतिक तैयारियों की जानकारी




*रक्षा मंत्री की प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात, संसद भवन में हुई रक्षा मामलों की समिति की बैठक, रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक में उठा पहलगाम हमले का मामला*

**सेना प्रमुख कर चुके हैं कश्मीर की अग्रिम चौकियों का दौरा**

**नेवी व एयरफोर्स कह चुके हैं कि वे किसी भी कार्रवाई के लिए दो घंटे में सक्षम**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद जहां पूरा देश भारत की तरफ से आतंकवाद के एपीसेंटर पाकिस्तान को जल्द करारा जवाब दिए जाने का इंतजार कर रहा है।

वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में हाई प्रोफाइल बैठकों का सिलसिला जारी है, जिनमें सोमवार को भी दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। पहली बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर जाकर मुलाकात की और पीएम को आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में बने हुए जमीनी सुरक्षा हालात और सशस्त्र सेनाओं की अभियानगत रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दूसरी बैठक संसद भवन की एनेक्सी बिल्डिंग में हुई रक्षा मामलों की संसदीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हमले के दोषियों को नहीं छोड़ेंगे: पीएम

गौरतलब है कि बीते 27 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पुनः दोहराते हुए कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को भारत माफ नहीं करेगा और उन्हें कठोर सजा मिलेगी। जिससे इस हमले के पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा। मन की बात का यह 121 वां एपिसोड था। जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि इस हमले की तस्वीरें देखकर पूरा देश आक्रोशित है, सभी का खून खौल रहा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 140 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एलओसी पर पाक सेना की गोलीबारी जारी

इन सबके बीच कश्मीर में लगभग 778 किलोमीटर लंबी भारत-पाक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की सेना बिना किसी उकसावे के भारतीय सेना की चौकियों को अपनी गोलीबारी के जरिए निशाना बनाने में लगी हुई है। सेना के सूत्रों ने बताया कि पिछले चार दिनों से पाक सेना की तरफ से एलओसी पर गोलीबारी की जा रही है। जिसका भारत की सेना करारा जवाब दे रही है। गोलीबारी में छोटे हथियारों (राइफल, कार्बाइन, पिस्टल, एलएमजी, एमएमजी) का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। गोलीबारी से जुड़े ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 40 मिनट तक चली पीएम राजनाथ की बैठक

सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री के बीच हुई बैठक कुल करीब 40 मिनट तक चली। जिसमें राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री को आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में ग्राउंड पर बने हुए सुरक्षा हालात और सशस्त्र सेनाओं की रणनीतिक तैयारियों के बारे में व्यापक रूप से अवगत कराया। प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले रक्षा मंत्री को साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने केंद्रशासित प्रदेश के समूचे घटनाक्रम, सेना की तैयारियों और भारत-पाक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बने हुए हालात के बारे में ब्रीफिंग दी थी। इससे पहले बीते रविवार को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भी रक्षा मंत्री से मुलाकात कर उन्हें मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बीच सेनाओं की रणनीतिक तैयारियों के बारे में रूबरू कराया था। सेनाप्रमुख पिछले सप्ताह शुक्रवार को ही जम्मू-कश्मीर का दौरा कर लौटे हैं और उसके अगले दिन शनिवार को ही उन्होंने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री को इलाके के बारे में जानकारी दी थी। वहीं, रक्षा मामलों की संसदीय समिति की बैठक कुल 1 ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीएम ने कहा- यह बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक

# 2 मई को प्रदेश के सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम' अभियान में होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 2 मई को प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मप्र सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं की ओर से होगा

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं की ओर से किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और अपराजिता कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिए जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं की ओर से पौधरोपण भी किया जाएगा। साथ ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

आतंकी हमले के बाद उत्पन्न माहौल को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय

# टल गया भाजपा अध्यक्ष का चुनाव नड्डा के हाथ में ही रहेगी कमान

**नए अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख की घोषणा अब बाद में**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने फिलहाल अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को टालने का फैसला लिया है। पार्टी की शीर्ष इकाई ने यह निर्णय देश में मौजूदा हालात को देखते हुए लिया है। साफ है कि वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल अपने पद पर बने रहेंगे। भाजपा मई में नया अध्यक्ष चुनने की योजना बना रही थी लेकिन अब पार्टी ने इसे स्थगित कर दिया है। नड्डा वर्ष 2019 से अध्यक्ष पद पर काबिज हैं और उनका कार्यकाल पहले भी बढ़ाया गया था। भाजपा का मानना है कि इस समय संगठन की स्थिरता और सरकार की नीति को मज़बूती से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। ऐसे में पार्टी के आंतरिक चुनाव को फिलहाल प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।



### मप्र में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव भी टला

**भोपाल।** इसका असर मप्र भाजपा पर भी पड़ेगा। अब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चुनाव भी टल जाएगा।

इस बारे में पार्टी अलग से कार्यक्रम जारी करेगी। प्रदेश में लंबे समय से नए प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार किया जा रहा है।

## विधानसभा में बोले उमर अब्दुल्ला मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं, मैं जिम्मेदारी नहीं निभा सका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सूबे के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की, मृतकों के परिवारों से माफी मांगी, और पर्यटकों के पलायन पर दुख व्यक्त किया। उनका बयान भावनात्मक और आत्म-चिंतनशील था, जिसमें उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपनी असफलता को स्वीकार किया। मुख्यमंत्री के भावनात्मक बयान से अलग ये बात भी सच है कि कश्मीर घाटी में पर्यटकों की सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर सवाल खडे किये हैं। उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा, सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया

## कोच्चि हवाई अड्डे, सीएम हाउस व ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶ कोच्चि



केरल के कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, सीएम हाउस व ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बम की धमकी सुबह 8 बजे के आसपास मिली थी, जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने हवाई अड्डे को खाली करा लिया। जांच के एक घंटे बाद सुबह 9 बजे बताया गया कि धमकी की सूचना अफवाह है। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कोच्चि हवाई अड्डे से पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के कार्यालय और उनके आधिकारिक आवास 'क्लिफ हाउस' को बम से उड़ाने ▶▶ शेष पेज 5 पर

संविधान बचाओ रैली में मंच को लेकर विवाद

## दिग्विजय बोले- अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा, ये लड़ाई खत्म करें



■ भाषण शुरू हुआ और कांग्रेस के नेता गायब हुए

**ग्वालियर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह संविधान बचाओ रैली के दौरान खासे नाराज हो गए। दरअसल,जब दिग्विजय सिंह का भाषण शुरू हुआ, तो उन्हें सुनने के लिए कांग्रेस के ही नेता गायब हो गए। यह देखते ही वरिष्ठ नेता गुस्सा हो गए। सिंह ने कहा कि वह अब कभी मंच पर नहीं बैठेंगे। मंच के नीचे बैठेंगे। जब उनके बोलने की बारी आएगी, तभी वो मंच पर चढ़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं से मंच की लड़ाई खत्म करने की अपील की है। दिग्विजय सोमवार को ग्वालियर के फूलबाग में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि जो लोग लाते हैं, वे बेचारे ▶▶ शेष पेज 5 पर

आतंकी हमले से भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव के दौर में हुई यह मुलाकात

# भारतीय राजनयिक ने की तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकी हमले की वजह से एक ओर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर भारतीय राजनयिक एम.आनंद प्रकाश ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से काबुल में मुलाकात की है। बीते रविवार को दोनों के बीच यह मुलाकात हुई है।

जिसकी जानकारी अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने सोशल मीडिया मंच पर दी। जिसमें उन्होंने बताया कि भारत के राजनयिक और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की मुलाकात में दोनों पक्षों के बीच हालिया हुए क्षेत्रीय राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा की गई। इसके अलावा द्विपक्षीय व्यापार और राजनीतिक संबंधों पर विचार-विमर्श किया गया। बताते चलें कि भारतीय राजनयिक विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात हैं। हाल ही में इस पद पर इन्होंने अपना कार्यभार संभाला है। जिसमें उन्हें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान डिवीजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

भाजपा ने आतंकी हमले पर कांग्रेस के कुछ नेताओं के बयानों पर जताई नाराजगी

पूछा, क्या राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी पार्टी को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं?

# जब देश को एक सुर में बोलना चाहिए, तब कांग्रेस के नेता देश का अपमान कर रहे: रविशंकर प्रसाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा ने कहा है कि पाकिस्तान कांग्रेस के कुछ नेताओं की टिप्पणियों का इस्तेमाल भारत को बदनाम करने के लिए कर रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि कि पहलगाम में जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वो पूरे देश ने देखी और पूरे देश में गुस्सा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार में स्पष्ट कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जब देश को एक सुर में बोलना चाहिए, तब कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के सामने देश का अपमान कर रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रसाद ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल किया कि क्या उनका ऐसे नेताओं पर कोई नियंत्रण है। भाजपा नेता ने कहा कि ऑल पार्टी मीटिंग भी बुलाई गई, बहुत ही सद्भाव के माहौल में मौन रखा और सरकार के साथ मिलकर आतंकियों के खिलाफ सख्ती की कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राहुल गांधी ने सार्वजनिक बयान दिया है कि हम सरकार के कदमों के साथ हैं। यही एक परिपक्व लोकतंत्र की मजबूती भी होती है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता पीड़ितों के इस दावे पर सवाल उठा रहे हैं कि आतंकवादियों ने उनका धर्म नहीं पूछा।

यहां तक कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि हम अभी भी बंटवारे के परिणामों के साथ जी रहे हैं। यह वही मणिशंकर हैं जिन्होंने कभी पाकिस्तान से प्रधानमंत्री मोदी को हराने में मदद मांगी थी। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी पार्टी को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं? हर किसी को जो बोलना है, बोलने की आजादी दी गई है। उनके सभी बयानों का पाकिस्तान में दुरुपयोग किया जा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कई बच्चे मरे, जैसे उत्तेजक ब्यान लिख रहे हैं आप नेता

# आग पर ओछी राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं आम आदमी पार्टी के नेता : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



यह अत्यंत खेदपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी के नेता रविवार से बवाना विधानसभा के झुग्गी क्लस्टर में लगी आग पर ओछी राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को आप पर निशाना साधते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह एक पूरी तरह कच्ची झुग्गी बस्ती थी और कल दिन भर हवा भी चलती रही जिसके चलते आग बहुत तेजी से फैली और देखते देखते लगभग 800 कच्ची झुग्गियों के साथ ही दो मासूम बच्चों की जान भी लील गई। सचदेवा ने कहा कि भाजपा झुग्गीवासियों के दुख सुख की साथी है और हमने तुरंत राहत संगठित करने पर ध्यान दिया। हमारे बवाना के स्थानीय भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता जब लोगों के बीच सहायता पहुंचा रहे थे तो आम आदमी पार्टी के नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई बच्चे मरे, जैसे उत्तेजक ब्यान सोशल मीडिया एक्स पर लिखकर स्थिति बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता खुद स्थिति पर नज़र रख रही हैं और यह सुनिश्चित कर रही हैं कि सभी प्रभावित परिवारों को समय पर मदद और पुनर्वास मिले। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए, पूरी तरह सक्रिय है। संबंधित एसडीएम ने रविवार को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों का समन्वय किया था। हमने मोबाइल शौचालय, मेडिकल सहायता और भोजन की व्यवस्था मौके पर उपलब्ध कराई है। विस्थापित परिवारों को नजदीकी स्कूलों में बनाए गए अस्थाई आश्रयों में शिफ्ट किया जा रहा है, जहां उनकी सभी जरूरतों का ध्यान रखा जा रहा है।

### सांसद और कैबिनेट मंत्री ने जाना पीड़ितों का हाल



दिल्ली भाजपा के महामंत्री एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया और दिल्ली सरकार के मंत्री एवं बवाना से विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह सोमवार को बवाना विधानसभा के अंतर्गत रोहिणी के सेक्टर 17 में आग से जली झुग्गी बस्ती के पीड़ति निवासियों से मिले। उनके साथ क्षेत्रीय एसडीएम, नगर निगम एवं स्लम विभाग के अधिकारी भी थे और उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सभी पीड़तिों का पुनर्वास सुनिश्चित करने को कहा। दोनों नेताओं ने कहा है कि बवाना रोहिणी अग्निकांड की भयावह घटना ने दिल को दुखी कर दिया है। जिन परिवारों ने इस हादसे में अपने अपनों को खोया है, उनके प्रति भाजपा परिवार की गहरी संवेदनाएं हैं।

### दिल्ली सरकार को घरों का निर्माण करना चाहिए : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार को न केवल रोहिणी जेजे कलस्टर में आग से बर्बाद हुए हुए 4000 से अधिक लोगों के सर पर छत देने के लिए घरों का निर्माण करना चाहिए बल्कि बड़े पैमाने पर लगी भीषण आग से बर्बाद हुए इन गरीब लोगों के जीवन के पुनर्निर्माण के लिए तत्काल उचित आर्थिक मदद भी करनी चाहिए।

### आग लगने के बाद भी सीएम, मंत्री सुनते रहे मन की बात : भारद्वाज



नई दिल्ली। बवाना विधानसभा क्षेत्र के रोहिणी इलाके की झुग्गी बस्ती एरिया में आग लगने से लगभग 400 झुग्गियां जलकर खाक हो गई, दो मासूम बच्चों की जलकर मृत्यु हो गई परंतु दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और स्थानीय विधायक एवं दिल्ली सरकार में मंत्री रविंद्र सिंह इंद्रराज घटनास्थल से मात्र 10 मिनट की दूरी पर बैठकर मन की बात कार्यक्रम को सुनते रहे। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर यह आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के मुताबिक आग लगने की यह घटना सुबह 11 से 11:30 के बीच घटित हुई। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पीड़तिों ने बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से खाने पीने की, रहने की और मेडिकल सहायता की कोई व्यवस्था नहीं की गई। भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए बताया कि स्थानीय विधायक एवं मंत्री रविंद्र सिंह इंद्रराज तो रात तक भी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। साथ ही उन्होंने प्रश्न किया कि सीएम रेखा गुप्ता बताएं उन्हें घटना की सूचना किस समय प्राप्त हुई। देरी से सूचना देने और कार्यवाही करने के लिए दमकल विभाग, पुलिस विभाग एवं सीएम कार्यालय के स्टाफ पर क्या कार्रवाई हुई। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो यह माना जाएगा कि सीएम रेखा गुप्ता को घटना की जानकारी मिल चुकी थी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि झुग्गी सम्मान यात्रा केवल और केवल वोट लेने के लिए भाजपा का एक ढोंग था। उन्होंने कहा कि भाजपा से अधिक निर्लज और निर्दयी पार्टी मैंने अपने जीवन काल में नहीं देखी। आप संयोजक सौरभ भारद्वाज ने सीएम को घेरते हुए कहा कि गरीबों की सुध लेने के लिए सीएम रेखा गुप्ता के पास एक मिनट का भी समय नहीं है। घटनास्थल से 5 मिनट की दूरी पर दमकल केंद्र था फिर भी आग बुझाने वाली गाड़ियां नहीं पहुंची। भारद्वाज ने बताया कि स्थानीय लोगों का कहना है कि आग जानबूझकर लगाई गई है। स्थानीय लोगों ने बताया एक भूमाफिया इस झुग्गी बस्ती की जमीन पर कब्जा करना चाहता है।

## वकील का बैग चुराने वाले दो डिलीवरी बॉय गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के द्वारका में एक महिला वकील का बैग चुराने के आरोप में एक कंपनी के दो प्रतिनिधियों (डिलिवरी बॉय) को गिरफ्तार किया गया है। महिला वकील वारदात के वक्त बाजार से सामान खरीद रही थीं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान रवि (19) और आशिक खान (19) के रूप में हुई है। वे एक ऑनलाइन मंच के लिए काम करते हैं। अधिकारी ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि 22 मार्च को द्वारका सेक्टर सात में ऑर्डर पर सामान की आपूर्ति करने के बाद लौटते समय उन्होंने लावारिस बैग देखा और घर का किराया तथा अन्य वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए उसे चुरा लिया। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि 23 मार्च को द्वारका साउथ थाने में अधिवक्ता का बैग चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह के मुताबिक, शशिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह द्वारका सेक्टर सात के बाजार से सामान खरीद रही थी, तो उसने अपना बैग अपनी स्कूटी पर रख दिया था। वापस लौटने पर उसने देखा कि उसका बैग गायब था, जिसमें आधार कार्ड, बार काउंसिल का पहचान पत्र, एक हैंडबैग, ईयरपॉड, नकदी और अन्य दस्तावेज थे।इ उन्होंने बताया कि टीम ने क्षेत्र में लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया, जिसमें दो संदिग्धों को चोरी करते हुए और मोटरसाइकिल पर सवार होकर घटनास्थल से भागते हुए देखा गया।

## युवक की गोली मारकर हत्या



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 20 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह वारदात रविवार रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर हुई। मृतक की पहचान समीर के रूप में हुई है। समीर के पिता ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके बेटे को इलाके के जे-ब्लॉक में गोली मार दी गई है। अधिकारी ने बताया कि समीर को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि अपराध एवं फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि सीलमपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा इसमें शामिल लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीम तैनात की गई हैं।

## प्रीत विहार में रेस्तरां के बाहर गोलीबारी का आरोपी पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में एक बार सह रेस्तरां के बाहर गोलीबारी करने के आरोप में 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले के मूल निवासी अफ्फाक को कड़कड़ी मोड़ फ्लाईओवर के पास से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, 26 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे अफ्फाक ने 'हाउस रेस्टोरेंट एंड बार' के प्रवेश द्वार पर गोलियां चलाईं। इस मामले में सचिन नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई और पुलिस जांच शुरू की गई। टीम को घटनास्थल से एक कारतूस का खोल और एक कारतूस मिला। अधिकारी ने बताया कि अफ्फाक को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अफ्फाक और साहिल (जो सोशल मीडिया पर उसका दोस्त बना था) पहले रेस्तरां में हुए एक झगड़े में शामिल रहे थे। अधिकारी ने बताया कि अपमानित अफ्फाक कथित तौर पर साहिल के उकसावे पर मौके पर वापस आया और जवाब में गोलियां चलाईं। साहिल की तलाश जारी है।

## एबीवीपी ने जेएनयू छात्र संघ चुनाव में परचम फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय पैनल के संयुक्त सचिव पद पर शानदार जीत हासिल की है। एबीवीपी ने बताया कि एबीवीपी के उम्मीदवार वैभव मीणा ने संयुक्त सचिव पद पर विजय प्राप्त कर वामपंथी संगठनों को चुनौती दी है। इसके साथ ही 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के कुल 42 काउंसलर पदों में से 24 सीटों पर विजय हासिल कर एबीवीपी ने वर्षों से कायम तथाकथित वामपंथी प्रभुत्व को ध्वस्त करते हुए, 'लाल दुर्ग' में भगवा परचम फहरा दिया है। यह न केवल जेएनयू के राजनीतिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित छात्र आंदोलन के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। एबीवीपी ने बताया कि वैसे तो एबीवीपी ने संयुक्त सचिव पद पर विजय प्राप्त की है, इसके साथ ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव के पदों पर भी एबीवीपी ने कांटे की टक्कर दी। अंतिम चरण तक एबीवीपी के उम्मीदवार मजबूती से मुकाबले में बने रहे और वामपंथी गठबंधन के लिए गहरी चुनौती पेश करते रहे। यह परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाता है कि जेएनयू के छात्र समुदाय में राष्ट्रवादी सोच के प्रति व्यापक स्वीकृति बढ़ रही है।

### विधानसभा अध्यक्ष से केरल विधानसभा की समिति प्रतिनिधियों ने की भेंट

नई दिल्ली। केरल विधान सभा की वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से भेंट की। गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए समाज में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को अमूल्य बताते हुए उनकी गरिमा और कल्याण को बढ़ाने के महत्व पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल में समिति के चार विधायक के. पी. कुन्हम्मद कुट्टी मास्टर, अहमद देवर्कोविल, मम्मिकुट्टी पी. और जॉब माईचिल शामिल थे। गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया कि दिल्ली विधान सभा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक समिति के गठन पर सक्रियता से विचार कर रही है। इसके अतिरिक्त गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल को 'नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के बारे में भी जानकारी दी, जिसे दिल्ली विधान सभा में पारदर्शिता, दक्षता और डिजिटल शासन को बढ़ावा देने के लिए लागू किया जा रहा है। बैठक का समापन ऐतिहासिक दिल्ली विधान सभा भवन के एक मार्गदर्शित दौरे के साथ हुआ, जो दोनों विधान सभाओं के लोकतांत्रिक मूल्यों और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के निरंतर आदान-प्रदान के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक था।

## अपने को सुरक्षित महसूस नहीं करते भाजपा नेता : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को सुरक्षा प्रदान करने का मतलब है कि भाजपा नेता अपने को सुरक्षित महसूस नहीं करते। इसलिए भाजपा अध्यक्ष को वाई श्रेणी की सुरक्षा की जगह जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को सुरक्षा मामले में भाजपा पर यह निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक लोगों से किए गए एक भी चुनावी वादे को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि "ट्रिपल इंजन" सरकार ने निश्चित रूप से यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा नेताओं के जीवन को दिल्ली पुलिस के साथ उच्च स्तर की सुरक्षा देकर सुरक्षित करें।


### दिल्ली और देश की जनता सुरक्षित हाथों में नहीं है

यादव ने कहा कि जब राजधानी दिल्ली में भाजपा नेता ही अपने आप को सुरक्षित नहीं समझते है जिससे साबित होता है कि दिल्ली और देश की जनता सुरक्षित हाथों में नहीं है। यही कारण है कि भारत सरकार अपने नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में लगी है, उन्हें देश की जनता की सुरक्षा की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय की येलो बुक के अनुसार जिसमें वीआईपी और वीवीआईपी के लिए सुरक्षा व्यवस्था के बारे में दिशा निर्देश शामिल हैं। जेड श्रेणी की सुरक्षा में लगभग 22-25 सुरक्षा बल मिलते है, जिसमें व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी, एस्कॉर्ट्स, वॉचर्स और आठ सशस्त्र आर्म गार्ड शामिल हैं। एक 'वाई' श्रेणी में 8-10 सुरक्षा बल मिलते हैं, जिसमें छह पीएसओ और चार स्थिर सशस्त्र गार्ड शामिल हैं।

■ भाजपा ने एक भी चुनावी वादे को नहीं किया पूरा

यादव ने कहा कि ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार अपने नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जगह राजधानी में बढ़ते अपराधों, अराजकता, हत्याओं, डकैती, झपटमारी की घटनाओं को नियंत्रित करने पर ध्यान केन्द्रित करें, जिसमें अभी तक पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि क्या कारण हैं कि पहलगाम हमले के बाद गृह मंत्रालय देशवासियों की सुरक्षा की जगह अपने नेताओं की सुरक्षा चाकचौबंद करने में लगी है, जबकि आज पूरा देश आतंकवाद से लोगों को बचाने में की बात कर रहा है।

## नाइजीरियाई 30 लाख रुपये की एमडीएमए सहित गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कई बॉलीवुड फिल्मों में जाने-माने अभिनेताओं के साथ काम कर चुके एक नाइजीरियाई व्यक्ति को उसके एक साथी के साथ दिल्ली में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों को 354 ग्राम एमडीएमए के साथ पकड़ा गया, जिसमें 769 गोलियां थीं और इसकी कीमत करीब 30 लाख रुपये है। आरोपियों की पहचान नाइजीरिया के अबिया प्रांत के निवासी पैट्रिक (47) और महाराष्ट्र के शशिकांत रवींद्र प्रभु (42) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेन्द्र चौधरी ने एक बयान में कहा, रये गिरफ्तारियां दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की एक विशेष टीम ने महिपालपुर के पास से कीं।इ उन्होंने बताया कि उनके पास से मादक पदार्थ पहुंचाने के लिए कथित तौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक स्कूटर भी जब्त किया गया है। बयान के अनुसार, पैट्रिक 2008 में व्यापार वीजा पर भारत आया था और वीजा की अवधि खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से देश में रहा। उसे फिल्म उद्योग में काम मिला, उसने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया, लेकिन बाद में वह मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी में फंस गया। बयान में कहा गया है कि 2019 में पैट्रिक को हेरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उसने तीन साल जेल में बिताए। बयान के मुताबिक, इस दौरान वह कथित तौर पर अन्य मादक पदार्थ तस्करों के संपर्क में आया। बयान में कहा गया है कि रिहा होने के बाद पैट्रिक दिल्ली और एनसीआर में एमडीएमए टैबलेट की आपूर्ति करने लगा। डीसीपी ने बताया, रदोनों को 26 अप्रैल को एक गुप्त सूचना के आधार पर रोका गया। सरसरी तलाशी के बाद उनके पास से प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई।इ उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. कुणाल उर्फ आशीष पुत्र** राजेश **निवास** एल-13 राजीव नगर एक्टेंशन, बेगमपुर, रोहिणी, दिल्ली और **2. विशाल उर्फ कबरा पुत्र** शीशपाल **निवास** ई-724 मंगोलपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 013587/2022 U/s 379/411/34 IPC. थाना: बुध विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. कुणाल उर्फ आशीष 2. विशाल उर्फ कबरा** मिल नही रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. कुणाल उर्फ आशीष 2. विशाल उर्फ कबरा** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 013587/2022 U/s 379/411/34 IPC. थाना: बुध विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. कुणाल उर्फ आशीष 2. विशाल उर्फ कबरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दिव्या अरोरा**
**एलडी. एमएम, कमरा नं. 112**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5074/RD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पूनम, पुत्री:** श्री किशन लाल, **पता:** आरजेड–244, नेपाली मंदिर के पास, ब्रह्मपुरी, पंखा रोड, सागरपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 709/15 U/s 33D. Ex. Act, थाना: सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पूनम** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पूनम** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 709/15 U/s 33D. Ex. Act, थाना: सागरपुर, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **पूनम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ईशा सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 18, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/5358/SW/2025**
**(Court Matter)**

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत
DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.) INDIA
(A Central University)
Website: www.dhsgsu.edu.in Tele: +91-7582-265228

विज्ञा, सं. **R/A-NT/2025/03** **Dated: 26.04.2025**

**रोजगार सूचना**

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विभिन्न गैर शैक्षणिक पदों (ग्रुप- ए) पर सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर भर्ती हेतु योग्य भारतीय अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

- ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि: **26.04.2025**
- ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि : **25.05.2025**
- ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि: 02.06.2025 सायं 6.00 बजे तक
- ऑनलाईन आवेदन करने हेतु लिंक (https://dhsgsunt.samarth.edu.in/) दिनांक 26.04.2025 से उपलब्ध होगी।

निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएँ, अनुभव, अन्य विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in पर उपलब्ध हैं।

विज्ञापन में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो उसे केवल विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

Cbc-21273/12/0003/2526 कुलसचिव (प्र.)


## दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए चलेगा तीन महीने का सफाई अभियान

# जलभराव को रोकने के लिए गलियों व नालियों की होगी सफाई : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मानसून के मौसम में जलभराव को रोकने के लिए सभी सड़कों, गलियों, पार्कों की सफाई और नालियों की सफाई शामिल होगी। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने उपमहापौर जय भगवान यादव के साथ दिल्ली के सभी 12 जोन के पार्षदों, प्रत्येक जोन से दो पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल में सभी पार्षदों, अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायकों के साथ-साथ नागरिक एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी होगी, जो स्वच्छ दिल्ली के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करेंगी। महापौर सिंह ने बताया कि बैठक में क्षेत्र-विशिष्ट समस्याओं के समाधान और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का एक महत्वपूर्ण निर्णय 'स्वच्छ दिल्ली अभियान' शुरू करना था, जो दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक सफाई अभियान है। स्वच्छ दिल्ली अभियान के तहत, तीन महीने तक चलने वाला सफाई अभियान चलाया जाएगा। महापौर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य न केवल शहर के सौंदर्य को बेहतर बनाना है, बल्कि इसके निवासियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता को भी बढ़ाना है।

### आयुक्त के साथ आगे की योजना पर चर्चा

महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि स्वच्छ दिल्ली अभियान को लेकर दिल्ली नगर निगम के आयुक्त के साथ आगे की योजना पर चर्चा की गई, जहां अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बहुमूल्य सुझाव दिए गए। नागरिक निकायों, अधिकारियों और सामुदायिक भागीदारी के सामूहिक प्रयासों से, यह पहल दिल्ली की स्वच्छता और पर्यावरण मानकों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने के लिए तैयार है।

### नागरिकों से इस अभियान में भाग लेने का किया आग्रह

महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली के नागरिकों से स्वच्छ दिल्ली अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया, जिसमें अच्छे अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना, सफाई संबंधी समस्याओं की रिपोर्ट करना और स्वच्छता अभियान में योगदान देना शामिल है। एक साथ काम करके, दिल्ली एक स्वच्छ और हरित शहर का एक शानदार उदाहरण बन सकती है, जो अपने निवासियों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता और आगंतुकों के लिए स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगी।

खबर संक्षेप

## भाजपा सरकार ने दिल्लीवालों पर थोपा आयुष्मान भारत योजना का स्कैम : कक्कड़

नई दिल्ली। भाजपा सरकार ने दिल्लीवालों पर आयुष्मान योजना का स्कैम थोप दिया है। कैग ने आयुष्मान योजना में ढेरों अनियमितताएं बताई हैं। आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में भाजपा पर यह आरोप लगाए। प्रियंका ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने के बाद ही इसका लाभ मिलेगा, जबकि केजरीवाल सरकार में ओपीडी से लेकर ऑपरेशन तक सारा इलाज बिल्कुल मुफ्त होता था। प्रवक्ता कक्कड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि महज कुछ लोगों को इसका लाभ देने की एवज में भाजपा ने बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर लाखों रुपए खर्च कर दिए। भाजपा को अरविंद केजरीवाल द्वारा स्थापित हेल्थ मॉडल का अध्ययन करना चाहिए और अच्छा लगे तो उसे लागू करना चाहिए, भले ही वह नाम बदल दे।

## बिजली की मांग 6015 मेगावाट तक पहुंची


नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ती गर्मी के बीच बिजली की मांग 6015 मेगावाट तक पहुंच गई, जो इस मौसम की सबसे ज्यादा मांग है। टाटा पावर-डीडीएल ने सोमवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि 1817 मेगावाट की अधिकतम मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। कंपनी ने गर्मी की इस लहर के दौरान बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पूरी तैयारी कर ली है और पावर कट से बचने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं।

### आधार कार्ड और दिल्ली का निवासी होने का प्रमाण पर्याप्त : रेखा गुप्ता

# दिल्ली सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को दी 'वय वंदना योजना' की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी के 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आज एक ऐतिहासिक पहल करते हुए "वय वंदना योजना" को लॉन्च किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में इस योजना का औपचारिक उद्घाटन किया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि 'वय वंदना कार्ड' बनवाने के लिए केवल आधार कार्ड और दिल्ली का निवासी होने का प्रमाण ही वय वंदना कार्ड बनवाने के लिए पर्याप्त होगा। वय वंदना कार्ड के द्वारा स्वास्थ्य रिकॉर्ड, दवाइयों और इलाज की पूरी जानकारी मिलेगी। इस कार्ड से दिल्ली के इम्पैनल्ड अस्पतालों में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लाभार्थियों को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, डॉ पंकज सिंह, महापौर राजा इक़बाल सिंह, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रवीण कुमार खंडेलवाल, बांसुरी स्वराज, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, विधायकगण और दिल्ली के हजारों वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिको को वय वंदना कार्ड वितरित किये गए। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार पर भी सवाल उठाए, जिन्होंने आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं किया, जिससे लाखों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ा। हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ने की भी प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा।




### योजना की शुरुआत बुजुर्गों के लिए एक ऐतिहासिक कदम : हरदीप

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा 'वय वंदना योजना' की शुरुआत वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में एक आदर्श मॉडल है। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज दिल्ली में एक 'ट्रिपल इंजन सरकार' विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

### करीब 100 अस्पताल है इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में करीब 100 अस्पताल इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत है। सीएम गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित होंगे, हर विधानसभा में 15 केंद्र खोलने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने हर बुजुर्ग तक योजना पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई है।

# वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए डीजल वाहनों का स्थान लेंगे इलेक्ट्रिक वाहन : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वन्यजीवों की सुरक्षा और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए डीजल वाहनों का स्थान इलेक्ट्रिक वाहन लेंगे। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के वन क्षेत्रों की सुरक्षा और साफ-सुथरे पर्यावरण की ओर दिल्ली सरकार ने यह एक बड़ा कदम बढ़ाया है। उन्होंने दिल्ली सरकार के वन विभाग द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे सभी डीजल और इंटरनल कम्ब्स्ट्न इंजन वाहनों को 60 दिन के भीतर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से बदलने का निर्देश दिया है। मंत्री सिरसा ने बताया कि वन विभाग को इस संबंध में एक विस्तृत स्टडी करने और इससे संबंधित योजना पर सात दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, तुरंत प्रभाव से दिल्ली के वन और संरक्षित क्षेत्रों में सभी गैर-जरूरी, गैर-इलेक्ट्रिक वाहनों, सरकारी और निजी दोनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार पर्यावरण को संरक्षित कर सस्टेनेबल दिल्ली बनाने की दिशा



में निरंतर काम कर रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए 506 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है और दिल्ली भर में 70 लाख पौधे लगाने की योजना है। मंत्री ने इस दौरान वन क्षेत्रों में प्रदूषण को कम करने और वन्यजीवों की रक्षा करने की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया।

### 'ग्रीन दिल्ली और साफ़ हवा अब दूर का सपना नहीं'

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ग्रीन दिल्ली और साफ़ हवा अब दूर का सपना नहीं, बल्कि यह हमारा लक्ष्य है। ग्रीन टेक्नोलॉजी अपना कर जंगलों को सहेजना दिल्ली वासियों के लिए एक बेहतर और सेहतमंद भविष्य देने जैसा है।

## डीयू : गेल आर्काइवल डेटाबेस पर आयोजित हुई कार्यशाला

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी एशियाई अध्ययन पुस्तकालय की तरफ विभाग के संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों के लिए गेल आर्काइवल डेटाबेस पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का विषय 'अभिलेखागार से अंतर्दृष्टि तक : गेल के साथ पूर्वी एशियाई अध्ययन को ऊपर उठाना' रहा। कार्यशाला की शुरुआत दोपहर करीब ढ़ाई बजे पूर्वी एशियाई अध्ययन पुस्तकालय की सहायक लाइब्रेरियन निशा द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत भाषण के साथ हुई। डीयू में पुस्तकालय अध्यक्ष राजेश सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, और सत्र को विशेषज्ञ मिकी मेहता अरोड़ा ने विभागाध्यक्ष प्रो. नबीन कुमार पांडा और विद्यार्थियों की उपस्थिति में संबोधित किया। कार्यशाला में प्राथमिक स्रोत सामग्री तक पहुंचने के लिए गेल के अभिलेखीय डेटाबेस को नेविगेट करना, ऐतिहासिक रुझानों का विश्लेषण करने के लिए टर्म फ़्रीक्वेंसी जैसे उन्नत खोज सुविधाओं और विजुअलाइज़ेशन टूल का उपयोग करना, गेल अभिलेखागार को कोर्सवर्क और शोध परियोजनाओं में कैसे एकीकृत किया जाए, गेल डिजिटल स्कॉलर लैब, व्यक्तिगत सहायता के लिए प्रश्नोत्तर सत्र, प्रश्नोत्तरी और इतिहास, संस्कृति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों सहित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करने वाले कई और डिजिटल अभिलेखागार पर चर्चा की गई।



## आतंकी हमले का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब कब देगी भाजपा : आप

नई दिल्ली। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर देश के लोगों के मन में उठ रहे तमाम सवालों को सोमवार को आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के समक्ष रखा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने देशवासियों के मन की बात रखते हुए कहा कि आज पूरा देश इंतजार कर रहा है कि हमले के छह दिन गुजर गए हैं, केंद सरकार कब पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी? भाजपा सरकार को चाहिए कि वह देश को एक फूल टाइम गृहमंत्री दे, जो विधायकों की खरीद-फरोख्त व सरकारें गिराने-बनाने के बजाय 24 घंटे देश की सुरक्षा के बारे में सोचे। लोगों के मन में यह भी सवाल उठ रहे हैं कि पहलगाम हमले से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर यात्रा रद्द की गई, अगर इंटेलिजेंस के किसी इनपुट के चलते यात्रा रद्द हुई थी, तो पर्यटकों के लिए सुरक्षा मजबूत क्यों नहीं की गई? अनुराग ढांडा ने पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर कहा कि पूरे देश में यही चर्चा है कि भारत इन आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे और नेस्तानाबूत कर दें। आतंकी हमले को लेकर कुछ बातें देश के लोगों के मन में हैं। लोगों के मन में उठ रहे उन सवालों को आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार तक पहुंचाना चाहती है। पहलगाम आतंकी हमले की एक तय समय सीमा में जांच पूरी की जाए और दोषियों के नाम देश के सामने सार्वजनिक किए जाएं। पूरा देश चाहता है कि भारत अपना व्यापार पाकिस्तान से पूरी तरह से खत्म करें, ताकि व्यापारिक तौर भी उसकी कमर टूटे।





## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** एनएचतीन स्थित आरके हॉस्पीटल में एक स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्किन जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों ही जांच शिविरों में लगभग 150 लोगों ने जांच करवाई तथा बीपी, शुगर, ईसीजी व कुछ ब्लड टेस्ट निशुल्क किए गए। इस अवसर पर डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि आरके हॉस्पीटल में हर दो माह में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते है। प्रत्येक मंगलवार को दो बजे से चार बजे तक लोगों को स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क परामर्श दिया जाता है। कोरोना के बाद से लोगों ने स्वास्थ्य के प्रत्येक सचेत रहना शुरू कर दिया है। व्यक्ति को हर 6 माह में बॉडी चैकअप करवाना चाहिए शरीर के अंदर पनप रही बीमारियों का समय से पता चल पाए। डॉ. ईशिता कपूर ने बताया बढ़ती गर्मी में अधिक पसीना आने की वजह से लोगों को इन्फेक्शन हो रहा है।



### एकॉर्ड अस्पताल और पार्षदों ने मिलाया हाथ



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें निर्वाचित नगर निगम पार्षदों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। अस्पताल सीएमडी डॉ. जितेंद्र कुमार, कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ.ऋषि गुप्ता, आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार और न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, डॉयरेक्टर डॉ. सिम्मी मनोचा, डॉ. उमेश कोहली, डॉ. राकेश कुमार ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी मिलकर शहर के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। विशेष रूप से वार्ड 42 से दीपक यादव, वार्ड 43 से रश्मि यादव और वार्ड 40 से पवन यादव को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सीएमडी डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्थानीय नेतृत्व और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय से फरीदाबाद को एक स्वस्थ और सशक्त समुदाय में बदला जा सकता है।

# तीन से 70 साल तक के विद्यार्थियों ने जुगलबंदी में दिखाई अपनी प्रतिभा

## लर्निंग स्टूडियो का 18वां वार्षिक समारोह 'रागा 2025' संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जुगलबंदी लर्निंग स्टूडियो ने अपना 18वां वार्षिक दिवस 'रागा 2025' साहिबाबाद, गाजियाबाद स्थित आईपीईसी ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कलाकारों ने अपनी कला की जोरदार प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में खासबात यह रही कि तीन साल से 70 साल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्रों ने गिटार, वायलिन, बांसुरी, तबला और ड्रम जैसे वाद्ययंत्रों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया, साथ ही शास्त्रीय और वेस्टर्न गायन में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन वर्षों से स्टूडियो की समर्पित टीम द्वारा किए गए मार्गदर्शन और मेहनत का सजीव प्रमाण था।

**खास बातें**

- छात्रों ने गिटार, वायलिन, बांसुरी, तबला और ड्रम जैसे वाद्ययंत्रों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया
- 2005 में वसुंधरा सेक्टर-5 से हुई थी कार्यक्रम की शुरुआत



संस्थान के निदेशक एवं संस्थापक दीपेश गुप्ता ने इस अवसर पर संस्थान की प्रेरणादायक यात्रा के बारे में साझा किया। उन्होंने बताया कि जुगलबंदी की शुरुआत वर्ष 2005 में वसुंधरा सेक्टर-5 से हुई थी और तब से यह निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने स्टूडियो के लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जुगलबंदी बच्चों और वयस्कों को संगीत और नृत्य की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें व्यावसायिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जुगलबंदी के छात्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं, छात्रवृत्ति कार्यक्रमों और प्रतिष्ठित रियलिटी शोज़ में निरंतर भाग लेकर कई पुरस्कार अर्जित कर चुके हैं।

### आयोजन में मुख्य अतिथि मीता राय भी शामिल हुईं

इस अवसर की मुख्य अतिथि मीता राय (पूर्व प्राचार्य एवं निदेशक, डीपीएस इंदिरापुरम) रहीं, जिन्होंने अपनी विशेष प्रस्तुति से समारोह को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में सेंटर इंचार्ज मीनाक्षी बिष्ट, सचिव रितेश सक्सेना, तथा शिक्षक शालिनी चावला, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, जोसेफ बसुमतारी, हेमंत, माधव सिंह, कोमल बिष्ट और कीर्ति की उपस्थिति भी रही।

## नाट्य-नृत्य नाटिका मर्यादा पुरुषोत्तम का भव्य मंचन

# श्रीराम का स्मरण केवल नाम जप से नहीं, उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने से सार्थक होता है: डॉ. मेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

संस्कृति मंत्रालय के समर्थन से उर्वशी डांस म्युजिक आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी ने ग्राफिस ऐड्स के साथ मिलकर भावनात्मक, भक्ति से ओतप्रोत और श्रीराम के जीवन की आध्यात्मिक यात्रा पर आधारित नाट्य-नृत्य नाटिका मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का भव्य मंचन किया। डॉ. रेखा मेहरा द्वारा निर्देशित इस नाट्य प्रस्तुति में श्रीराम की जीवन यात्रा को केवल धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि नैतिकता और धर्मपरायणता के प्रतीक रूप में प्रस्तुत किया गया। डॉ. मेहरा ने इस बारे में कहा, भगवान श्रीराम का स्मरण केवल नाम जप से नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने से ही सार्थक होता है। मंडी हाउस स्थित कमानी सभागार में आयोजित विशेष संध्या में मंच पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित विधायक सतीश उपाध्याय, विधायक अनिल शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा, हरिद्वार से आए गुरु शंकराचार्य राज राजेश्वर, वेद टंडन, पीपी ज्वेलर्स के संस्थापक एवं निदेशक पवन गुप्ता, वैश्यबीसी अग्रवाल सोसायटी की चेयरपर्सन सुमन गुप्ता, ग्राफिस ऐड्स के मुकेश गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद सरभाई ने भी मंच की शोभा बढ़ाई। इस प्रस्तुति की एक विशेष बात रही इसकी समावेशी और परिवर्तनकारी कास्टिंग। 60 सदस्यीय दल में आधे से अधिक कलाकार ऐसे वंचित वर्ग के बच्चे थे, जिन्हें शास्त्रीय कलाकारों के साथ मंच साझा करने का अवसर मिला। यह मंच उनके लिए एक नई उड़ान का प्रतीक बना।

### विदिशा शर्मा की आवाज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया



यही नहीं, नाटक की कोरियोग्राफी में भी नवाचार देखा गया। छऊ नृत्य शैली में प्रशिक्षित गुरु अजय भट्ट ने एक्शन से भरपूर दृश्यों का निर्देशन किया, जबकि कथक नृत्यांगना आम्रपाली भंडारी ने नाट्य भावों से युक्त हिस्सों में योगदान दिया। परिणामस्वरूप दर्शकों को एक जीवंत और विविधतापूर्ण नृत्य अनुभव मिला। ओडिशा के शास्त्रीय संगीत शिक्षक सरोज मोहंती ने संगीत संयोजन किया। जिनमें परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम नजर आया। गायन में विदिशा शर्मा की आवाज़ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दृश्य प्रभावों में इस नाट्य प्रस्तुति ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। विशाल एलईडी स्क्रीन, ऑडिटोरियम की दीवारों पर चलते प्रोजेक्शन्स, त्रि-स्तरीय हाइड्रोलिक मंच और ऑर्केस्ट्रा पिट के रचनात्मक उपयोग ने प्रस्तुति को एक जीवंत आभासी अनुभव में बदल दिया। विशेषकर श्रीराम के अयोध्या लौटने के दृश्य को वर्चुअल आतिशबाजी से जीवंत किया गया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए।

## हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को दी श्रद्धांजलि

# रेफर मुक्त संघर्ष समिति ने आंतकी हमले के विरोध में निकाली मशाल यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा 147 वें दिन पहलगाम में हुए आंतकी हमले के विरोध में एसजीएम नगर स्थित मुल्ला होटल से पटेल चौक तक मशाल यात्रा निकालकर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मशाल यात्रा का नेतृत्व रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने किया। इस यात्रा के समापन पर दो मिनट का मौन रखा गया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संयोजक सतीश चोपड़ा ने कहा कि आतंकवादियों का केवल एक ही कार्य होता है और वह केवल आतंक फैलाना। केन्द्र सरकार जल्द से जल्द आतंकवादियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें जिससे पीड़ित परिवारों को न्याय मिलें।चोपड़ा ने कहा कि पिछले 147 दिनों से विभिन्न मांगों को लेकर फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति सिविल अस्पताल के बाहर धरना दे रही है। सरकार द्वारा कई मांगों को तो स्वीकार कर लिया गया है, लेकिन जब तक ए ग्रेड का ट्रोमा सेंटर, छांयसा मेडिकल कालेज में ओटी व आईसीयू सेवाओं को शुरू नहीं किया जाता ओर सरकार ने जो सिविल अस्पताल फरीदाबाद के लिए घोषणाए की है वह जब तक जमीन पर नही उतरेगी तब तक यह धरना अनिश्चितकालीन चलता रहेगा। पिछले दिनों केजीपी पर एक बस खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो दर्जन लोग घायल हुए थे जिन्हें उपचार के लिए तीन घंटे इंतजार करना पड़ा था जबकि वहां से अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज की दूरी मात्र दो किलोमीटर दूर थी। लेकिन सुविधाओं के अभाव में 16 किलोमीटर दूर बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल लाया गया था। इसलिए केन्द्र की मोदी व हरियाणा की नायब सरकार से अनुरोध है कि वह फरीदाबाद जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करें। इस मशाल यात्रा में एडवोकेट राजेश अहलावत, सरदार उपकार सिंह, सुनील कंडेरा, विकास, अनिल , गुलशन बग्गा, गौरव चौधरी, विनोद चोपड़ा, प्रमोद भड़ाना, कैप्टन दलीप भारती, बलजीत आदि।

# सोहनपाल सिंह ने भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर ममता राघव को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी जिला बल्लभगढ़ के अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने ममता राघव को भाजपा महिला मोर्चा बल्लभगढ़ की नई जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ममता राघव के नेतृत्व में महिला मोर्चा न केवल संगठनात्मक दृष्टि से और अधिक सशक्त होगा, बल्कि सामाजिक गतिविधियों में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।



## ममता संगठन की अनुभवी, कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता

सोहनपाल सिंह ने कहा कि ममता राघव संगठन की एक अनुभवी, कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। वे पूर्व में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी दक्षता का परिचय दे चुकी हैं। उनका संगठनात्मक अनुभव, ऊर्जा और समर्पण निश्चित रूप से महिला मोर्चा को नई दिशा देगा और भारतीय जनता पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर ममता राघव ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा उषा प्रियदर्शी, संदीप जोशी, बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक सतीश फागना और जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह व जिला अध्यक्ष फरीदाबाद पंकज पूजन रामपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने विश्वास जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उसका वह पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत से निर्वहन करेंगी महिला मोर्चा को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी।

## 2 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की

# नगर निगम बोर्ड बैठक में पहलगाम की घटना को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम बोर्ड की बैठक में सोमवार को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया। गाजियाबाद नगर निगम सभागार में सोमवार को महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या किए जाने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को शांति के लिए प्रार्थना की गई । इसके अलावा एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी प्रस्ताव भी इस बैठक में पास किया गया इस बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक अरुण यादव अपर नगर आयुक्त एवं मुख्य अभियंता एनके चौधरी समेत तमाम पार्षद उपस्थित रहे।



## हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड, निगमों के पेंशनर्स का सम्मेलन 11 को



**फरीदाबाद।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद के तत्वाधान में हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड अब निगमों के पेंशनर्स का एक सम्मेलन आगामी 11 मई को किसान भवन सेक्टर 16 फरीदाबाद में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मिनिस्टर विपुल गोयल शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में 80 साल से ऊपर की उम्र वाले पेंशनर्स,फैमिली पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास तिवारी, पुत्रः बी.बी. तिवारी, पताः एक्स—2233, मोहल्ला कॉलोनी, आरपी—1, गांधी नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 4399/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विकास तिवारी** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **विकास तिवारी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 4399/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **विकास तिवारी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—05**
**उत्तर, कमरा नं. 114**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4163/ON/2025**



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**मु.न. 79 दिनांक 21/03/2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना राई जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- राधा
पिता का नाम- शिव कुमार ।
पता- वासी सलेमपुर जिला बुलंदशहर थाना सलेमपुर हाल बढमलिकपुर राई जिला सोनीपत हरियाणा ।
उम्र- लगभग 19 वर्ष ।
कद- 5 फुट 03 इन्च ।
हुलियाः- रंग गैहुआं, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला फुर्तिला शरीर ।
पहनावाः-काले रंग का सुट व सलवार पहने हुए हैं।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18/03/2025 को राधा पुत्री शिव कुमार वासी सलेमपुर जिला बुलंदशहर थाना सलेमपुर हाल बढमलिकपुर राई जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना-7419410537
अनुसंधान कर्ता मो. नं.- 9812138240
कन्ट्रोल रुम सोनीपत 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3316/2026/34255/88/7 दि. 28.04.25


## मेवाड़ में तीन दिवसीय अखिल भारतीय अभ्यास वर्ग कार्यक्रम का समापन

# ब्लूचिस्तान और सिंध तो हमारा होकर रहेगा: डॉ. इंद्रेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भारत को काटने-बांटने के मंसूबे पाले बैठे पाकिस्तान और बंगलादेश के दो-तीन टुकड़े हो जाने चाहिए। ब्लूचिस्तान और सिंध तो हमारा होकर ही रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने भारतीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन हुए सार्थक संवाद में यह बात कही। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग में वह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए जबकि अनेक मुस्लिम धर्मगुरु, स्कॉलर एवं नामचीन लोगों ने भी अपने विचारों से कार्यक्रम को और सार्थकता प्रदान की।

डॉ. इंद्रेश ने कहा कि दुनिया के सभी रंग एक से हैं केसरिया और सफेद। दोनों अहिंसा के रंग हैं। दोनों मानवता का संदेश देते हैं। संदेश क्या-सबके लिए प्यार और सम्मान। उन्होंने कहा कि लोग नफरतों से मुक्त रहें। वे अपने शहीदों को न भूलें। भारत ही है जो सब धर्मों को मानता है और उसका पालन करता है।

### हम हिंदुस्तानी हैं और रहेंगे




उन्होंने कहा कि फिर भी हम पर सांप्रदायिकता के आरोप लगाए जाते हैं। यह शर्मनाक है। उन्होंने पाकिस्तान और उसके द्वारा फैलाए जा रहे आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकी के जनाजे में कोई शामिल न हो, यह अधर्म है। हमें अपने पूर्वजों के धर्म की रक्षा करनी चाहिए। हमें कसाब नहीं कलाम चलेगा। यज़ीद नहीं हुसैन चलेगा। राम चलेगा रावण नहीं। औरंगज़ेब नहीं चलेगा। हम हिंदुस्तानी हैं और रहेंगे। हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलने वाला मुसलमान चलेगा। तिरंगा थामने वाला मुसलमान हमें प्रिय हैं। डॉ. इंद्रेश ने कहा कि दुनिया को स्वयं का उदाहरण दो। जो छुआछूत मानेगा वो भगवान नहीं हो सकता। नारी-पुरुष पूरक हैं स्पर्धा नहीं। सम्मान ममता का है व्यवसाय का नहीं। इसलिए महिलाएं अधिकार संपन्न थीं और रहेंगीं। यह हम रामराज्य में देखते आए हैं। सांप्रदायिक एकता और सद्भाव के मामले में भारत के ब्रांड एम्बेसडर माने जाने वाले मौलाना डॉ. कल्बे रुशैद रिजवी ने कहा कि जो देश के लिए चलता है उसका गुलशन रात में भी महकता है। समय दुनिया की सबसे कीमती चीज है।


## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | लघु सचिवालय (प्रशा. खण्ड) जिला पानीपत में पुराने 250 केवीए डीजी सैट को 400 केवीए डीजी सैट के साथ बदलना + 1 कार्य। | 28.04.2025 05.05.2025 | 65.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एमएनएसएस राई में स्वीमिंग पूल के लिये विशेष मरम्मत। | 24.04.2025 01.05.2025 | 56.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic. |
| 3 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में लघु सचिवालय के परिसर में प्रशा. खण्ड की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 07.05.2025 | 119.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में कि.मी. 0.00 से 5.00, 5.20 से 5.60 में मजबूतीकरण और कि.मी. 5.00 से 5.20, 5.60 से 6.00 में आईपीबी के प्रावधान और कि.मी. 6.00 से 6.05 में सीसीबी को बिछाकर गैबीपुर से प्रभुवाला तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5122) (एससीएसपी स्कीम के तहत) (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 25.04.2025 05.05.2025 | 727.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एमएनएसएस राई में मौजूदा 2 अदद सिंथेटिक टेनिस कोर्ट की चेन लिंक फेंसिंग सहित लाइंस और फिनिश कोर्स, टैक्सचर कोर्स, कुशन कोर्स, फिल्लर कोर्स का प्रावधान व बिछाना + 1 कार्य। | 24.04.2025 01.05.2025 | 61.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic. |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान और ग्राउंड वाटर टेबल रिचार्जिंग हेतु अटेली डिस्टी. (अटेली निर्वाचन क्षेत्र) के कि.मी. 22.813/एल गांव तालाब सलीमपुर को भरने के लिए 300 मिमी. आई/डाया एनपी-2 की आरसीसी पाइप लाइन बिछाना (अटल भू-जल योजना के तहत)। | बंद होने की तिथि 01.05.2025 | 19.16 लाख | www.works.haryana.gov.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | गांव नागौली ब्लॉक नारायणगढ़ में हरिजन बस्ती में अम्बेडकर भवन का निर्माण। | 24.04.2025 01.05.2025 | 15.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | बीपीएस जीएमसी फॉर वीमन खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में कैंटीन सेवाओं के लिए ई-निविदा (कैटेगरी-सर्विसेज)। | 29.04.2025 13.05.2025 | ईएमडी 80,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.co |
| 9 | बीपीएस जीएमसी फॉर वीमन खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में पेंट सम्बन्धित मदों और स्काफ - फोल्डिंग के प्रावधान हेतु ई-निविदा। | 26.04.2025 12.05.2025 | ईएमडी 60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996752925 Bpsgmc.purchase@gmail.co |
| 10 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के 06 अदद हाई एंड डेस्कटॉप की खरीद। | 28.04.2025 13.05.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज नारनौल | गांव-आकोदा ब्लॉक-महेन्द्रगढ़-मेन रोड (148 बी) से बलवान सिंह के मकान तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 16 कार्य। | 25.04.2025 01.05.2025 | 167.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416346672 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 12 | निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा स्वास्थ्य देखभाल हरियाणा | फरीदाबाद और गुरूग्राम को छोड़कर हरियाणा के सभी जिलों में सैकेंडरी केयर के लिए टाई-अप हस्पतालों हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के लिए प्रकाशन। | 24.04.2025 24.05.2025 | ईएमडी 3 लाख | www.hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/240/34285/I/88/7 दि. 28.04.25

## पेज एक का शेष

### भारत-फ्रांस के बीच...

यह जानकारी दी। यहां बता दें कि इसी महीने 9 अप्रैल को केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में नौसेना के लिए 26 राफेल-मरीन विमानों की खरीद से जुड़े हुए एक प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी। जबकि 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में इन विमानों की खरीद से जुड़े शुरुआती प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी। गौरतलब है कि नौसेना से पहले देश में वायुसेना द्वारा फ्रांस में निर्मित 36 राफेल लड़ाकू विमानों का प्रयोग किया जा रहा है। बल के पास इनकी दो स्क्वॉड्रन हैं। जिनमें से एक अंबाला एयरबेस पर और दूसरी पश्चिम बंगाल के हासीमारा में तैनात की गई है।

**टीओटी से होने वाला लाभः** समझौते से जुड़े टीओटी में राफेल लड़ाकू विमान के मुख्य भाग यानी फ्यूजलेज उत्पादन सुविधा शुरू करने के साथ-साथ भारत में विमान इंजन, सेंसर, हथियारों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल की सुविधाएं शामिल भी हैं। साथ ही इसके तहत इन तमाम सुविधाओं के शुरू होने से देश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) के लिए उत्पादन और संचालन को लेकर बड़ी संख्या में हजारों नौकरियों के साथ आय सृजन होगा।

**भारत, फ्रांस में होगा क्रू का प्रशिक्षणः** मंत्रालय ने कहा कि राफेल-एम लड़ाकू विमान समुद्री क्षेत्र में पूर्ण रूप से चलने में सक्षम है। विमानों के चालक दल को फ्रांस और भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनकी खरीद से नौसेना और वायुसेना दोनों के लिए, विमान के लिए प्रशिक्षण और रक्षा सामग्री को अनुकूलित करने के साथ ही संयुक्त परिचालन क्षमता में भी काफी वृद्धि होगी। राफेल-मरीन के नौसेना में शामिल होने से बल के विमानवाहक युद्धपोतों की मारक क्षमता में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### राजनाथ-लेकार्नू ...

फ्रांसीसी कंपनी डेसॉल्ट एविएशन द्वारा किया जाएगा। ये एक ट्विन इंजन डेक बेस लड़ाकू विमान है। जो समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए बेहद कारगर साबित होगा। वहीं, जानकारों का कहना है कि राफेल-एम की नौसेना को आपूर्ति होने से हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में उसकी रणनीतिक तैयारियों को काफी मजबूती मिलेगी। राफेल-मरीन विमानों का प्रयोग नौसेना द्वारा विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य पर भी किया जा सकता है।

### राजनाथ ने पीएम को...

समिति की बैठक थी। जिसमें समिति के सदस्यों ने बैठक के मुख्य एजेंडे (रक्षा आधुनिकीकरण और हथियार सौदों से जुड़ा विषय) के अलावा पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया। बैठक में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने भाग लिया।

**2025 में 14 बार तोड़ा पाक सेना ने संघर्षविरामः** आंकड़ों के मुताबिक, पाकिस्तान की सेना ने मौजूदा साल 2025 में अब तक कुल 14 बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर भारतीय सेनाओं की चौकियों पर गोलीबारी की है। पिछले साल 2024 में ये आंकड़ा 2, 2023 में 0, 2022 में 1 और 2021 में 600 और 2020 में सर्वाधिक 4 हजार 600 रहा।

**फेक वीडियो को लेकर सेना सतर्कः** पहलगाम हमले के बाद सोशल मीडिया में पाकिस्तानी हैंडल्स की तरफ से भारत के खिलाफ प्रचारित-प्रसारित की जा रही झूठी और भ्रामक जानकारी से निपटने के लिए भी भारतीय सेना पूरी तरह से मुस्तैद है। बल की टीम लगातार जनसंचार के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित किए जा रहे फेक वीडियो या गलत जानकारी वाली पोस्ट की पहचान कर उनके बारे में संबंधित सरकारी एजेंसी को शिकायत कर रही हैं। आमतौर पर ऐसे मामलों में शिकायत के बाद कार्रवाई करने में कुछ समय लगता था। लेकिन मौजूदा चिंताजनक सुरक्षा हालात के बीच सेना तेजी से मामले में काम कर रही है। क्योंकि थोड़ी सी देरी देश के अंदर चिंता को बढ़ाने और सैन्य बलों का मनोबल तोड़ने का काम कर सकती है।

**पीआईबी फैक्ट चेक ने खारिज किया दावाः** पीआईबी फैक्ट चेक ने पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट से किए जा रहे भारतीय सेना की तैयारियों के गोपनीय दस्तावेज के लीक होने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि पोस्ट में दिखाए जा रहे दस्तावेज गलत और झूठे हैं। साथ ही अपील की है कि असत्यापित जानकारी साझा करने से बचें और सटीक जानकारी के लिए केवल भारत सरकार के आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

### हमले के दोषियों ...

करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। हमारी लड़ाई का आधार भी यही एकता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को आतंकवाद के खिलाफ समर्थन दे रही है। मुझे दुनिया के कई देशों के शीर्ष नेताओं के फोन आए हैं। जिसमें उन्होंने एक स्वर में आतंकवाद की निंदा करते हुए भारत को समर्थन प्रदान किया है। समूची दुनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारे साथ खड़ी है। हमले के बाद रक्षा मंत्री भी सार्वजनिक रूप से आतंकवादियों को सख्त सजा देने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि आतंकवाद और आतंकियों के सरपरस्त भले ही परदे के पीछे ही क्यों न छिपे हुए हों। भारत उन्हें नहीं छोड़ेगा।

### एलओसी पर पाक...

इलाकों में एलओसी के बारामूला, कुपवाड़ा और पूंछ मुख्य रूप से शामिल हैं।

### 40 मिनट तक चली ...

घंटे तक चली। जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के विषय को भी शामिल किया गया। सूत्रों ने कहा कि मामले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच काफी बहस हुई है।

### 2 मई को प्रदेश...

जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है।

### उत्सव का संचालन....

लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

### विधानसभा में बोले...

मैं उन्हें सुरक्षित वापस नहीं भेज पाया। मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं। विधानसभा के पटल पर मुख्यमंत्री के इस बयान को पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति उनकी संवेदना और सरकार के मुखिया के रूप में उनकी नैतिक जिम्मेदारी को दर्शाता हुआ दिखता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना पूरे देश को प्रभावित करने वाली थी, और मेजबान होने के नाते, पर्यटकों को सुरक्षित वापस भेजना उनका कर्तव्य था, जिसमें वे विफल रहे। इससे पहले हमले के अगले दिन, 23 को उमर अब्दुल्ला ने कहा था, पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के बाद हमारे अतिथियों का घाटी से पलायन देखना बेहद दिल दहलाने वाला है, लेकिन साथ ही हम पूरी तरह समझते हैं कि लोग क्यों घाटी छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने यह स्वीकार किया कि हमले के बाद पर्यटकों का घाटी से जाना स्वाभाविक है, क्योंकि सुरक्षा को लेकर डर का माहौल है। उन्होंने डीजीसीए और नागर विमानन मंत्रालय से अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था करने का भी उल्लेख किया, ताकि लोग सुरक्षित रूप से घाटी छोड़ सकें। पहलगाम हमले के बाद, उमर अब्दुल्ला ने 24 अप्रैल 2025 को श्रीनगर में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी, जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दलों, सांसदों, और विपक्ष के नेता को आमंत्रित किया गया था। इस बैठक का उद्देश्य हमले की निंदा करने, स्थिति पर चर्चा करने, और शांति, न्याय, और लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए एकजुट रुख अपनाना था। उन्होंने कहा, यह केवल एक क्षेत्र या एक पार्टी की त्रासदी नहीं है—यह जम्मू-कश्मीर की आत्मा पर एक घाव है।

### कोच्चि हवाई अड्डे ...

की धमकी दी गयी थी। धमकी इमेल के जरिए दी गई थी, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। हालांकि, तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इससे पहले रविवार को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे के अलावा शहर के प्रमुख होटलों को भी विस्फोटक से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

**दो बजे तक सभी को बाहर निकाल लें : धमकीः** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरडीएक्स आधारित विस्फोटक उपकरण लगाने की सूचना दी गई थी और कहा गया था कि दोपहर 2 बजे तक सभी को बाहर निकाल लें। इसके बाद पूरे हवाई अड्डे की सुरक्षा बलों की ओर से जांच की गई। धमकी की सूचना पर एयरपोर्ट की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। धमकी की जांच की जा रही है और संदिग्ध का पता लगाया जा रहा है।

### दिग्विजय बोले- ....

रह जाते हैं, और हमारे लोग मंच पर आ जाते हैं। इन बातों पर ध्यान दीजिए। दरअसल, ग्वालियर में हुए कांग्रेस के इस कार्यक्रम में करीब 4 से 5 हजार नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में विवाद हुआ। जिसके बाद दिग्विजय सिंह ने मंच से ही ये बातें कहीं। दरअसल, हाल ही में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को लेकर एक गाइडलाइन बनाई थी, जिसमें ये भी तय किया गया था कि मंच पर कोई नहीं बैठेगा। सिर्फ डायस और माइक रहेगा। जिस नेता का भाषण देने का नंबर आएगा, वहीं मंच पर जाएगा, भाषण देगा और फिर नीचे आकर बैठ जाएगा। लेकिन ग्वालियर की इस रैली में इसका पालन नहीं हुआ। कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को आना था, लेकिन उन्होंने दूरी बना ली। इस रैली में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी,पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह,पूर्व मंत्री गोविंद सिंह व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव मौजूद रहे।

### भारतीय राजनयिक...

भारत संग व्यापार बढ़ाने का इच्छुक अफगानिस्तानः अहमद ने बताया कि बैठक में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री ने भारत के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों के विकास पर जोर दिया है। साथ ही उन्होंने भारतीय निवेशकों को अफगानिस्तान में मौजूद व्यापार के बेहतर अवसरों का लाभ उठाने का भी आग्रह किया है। मुत्तकी ने दोनों देशों के बीच लोगों के आवागमन को लेकर स्थिति सामान्य करने का जिक्र भी अपने वक्तव्य में किया है। वहीं, अफगानी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता के हवाले से भारतीय राजनयिक द्वारा बैठक में की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि एम.प्रकाश ने कहा कि भारत के लिए अफगानिस्तान के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। वह कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों के विस्तार की उम्मीद रखता है। भारत अफगानिस्तान को लगातार अपना सहयोग प्रदान करता रहेगा। जिसमें वह कुछ ढांचागत परियोजनाओं में निवेश करने का भी इच्छुक है। दोनों पक्षों ने संबंधों के विकास, प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान और वीजा सुविधाओं व साझा सहयोग पर जोर दिया।

**अफगानिस्तान ने की पहलगाम हमले की निंदाः** गौरतलब है कि अफगानिस्तान ने भी दुनिया के बाकी देशों की तरह पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। बीते दिनों उनके विदेश मंत्रालय द्वारा एक बयान जारी कर इस हमले की निंदा करते हुए उसमें मारे गए 26 लोगों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की गई थीं।

### जब देश को एक सुर...

रहा है। मीडिया में अभियान चल रहा है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जब 26/11 हुआ था, पार्टी की ओर से कहा गया था कि सिर्फ एक लाइन लेनी है कि हम सरकार के साथ हैं। हम यही अपेक्षा कांग्रेस से भी कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस के कुछ बड़े बड़े नेता ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे हमें ठेस लग रही है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि जंग जरूरी नहीं है हम इस जंग के पक्ष में नहीं हैं और पाकिस्तान इसे पूरा प्ले कर रहा है। कर्नाटक के मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों को गोली मारने से पहले उनसे उनका धर्म नहीं पूछा... यह शर्मनाक है।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि आतंकवादियों के पास लोगों को मारने से पहले उनका धर्म पूछने का समय नहीं है। मृतकों के परिवार रो रहे हैं और सच्चाई बता रहे हैं लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ऐसे बेशर्म बयान दे रहे हैं जो असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। प्रसाद ने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा भी अपनी बुद्धिमता फैला रहे हैं। वे कहते हैं कि ऐसी घटनाएं इसलिए हो रही हैं क्योंकि देश में मुसलमानों को दबाया जा रहा है। मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि हम विभाजन के परिणामों को हल नहीं कर पाए हैं। रॉबर्ट वाड्रा कोई साधारण आदमी नहीं हैं, वे परिवार के दामाद हैं, आखिर इतनी बुद्धिमता कहां से आ रही है?

## जेडीयू सांसद ने भाजपा को दे दी टेंशन

# नीतीश कुमार को एनडीए का संयोजक बनाने की मांग

एजेंसी ▶▶ पटना




बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जनता दल यूनाइटेड के अंदर से नीतीश कुमार को एनडीए का संयोजक बनाए जाने की मांग उठी है। इससे सूबे का सियासी पारा गर्मा गया है। झंझारपुर के जेडीयू सांसद रामप्रीत मंडल ने कहा कि यह समय की मांग है। नीतीश को एनडीए का संयोजक बनाया जाना चाहिए। एनडीए के सभी घटक दलों को बैठकर इस संबंध में निर्णय लेना चाहिए। जेडीयू सांसद की मांग से सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के खेमे में बेचैनी बढ़ गई है।

जेडीयू सांसद रामप्रीत मंडल ने सोमवार को एक चैनल से बातचीत में कहा कि पहले भी एनडीए में उनकी पार्टी से संयोजक होता था। उन्होंने जॉर्ज फर्नांडिस और शरद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि ये एनडीए के संयोजक रह चुके हैं। मंडल ने कहा कि ऐसे में एक बार फिर यही व्यवस्था लागू करते हुए नीतीश को गठबंधन का संयोजक बनाना चाहिए। ताकि सभी घटक दलों के बीच बेहतर कोऑर्डिनेशन हो सके।

### झारखंड के 5 मजदूर अफ्रीका में हुए किडनैप


**रांची।** झारखंड के गिरिडीह के बगोदर थाना क्षेत्र निवासी पांच मजदूरों का पश्चिमी अफ्रीका के नाइजर में दो दिन पहले अपराधियों ने अपहरण कर लिया। किडनैप हुए मजदूरों के परिजनों ने बताया कि ये मजदूर 2024 के जनवरी में नाइजर गए थे। वहां एक ट्रांसमिशन कंपनी में काम करते थे। वहीं इन्हें किडनैप कर लिया गया है।



हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली मंगलवार
29 अप्रैल 2025



स्पेशलः वर्ल्ड लाफ्टर-डे
4 मई



जिंदगी की इस आपा-धापी में हम हंसना भूलते जा रहे हैं, जबकि हेल्दी लाइफ के लिए हंसना बहुत जरूरी है। इस बात की पुष्टि कई शोध भी करते हैं। इसलिए नई-नई वजहों से खुलकर, जमकर हंसते रहिए, साथ ही दूसरों को भी हंसाते रहिए।

# खुलकर हंसें-हंसाएं जिंदगी में बहार लाएं

कवर स्टोरी

चेतना झा

सच कहा जाता है, 'लाफ्टर इज द बेस्ट थेरेपी'। हंसने से बड़ी कोई दवा नहीं। लाखों के कपड़े-गहने पहन लें या दुनिया के बेस्ट प्रोडक्ट से मेकअप कर लें, तस्वीर तो तभी अच्छी आएगी जब आप 'स्माइल प्लीज' कहने पर मुस्कुरा देंगी। 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा...' जैसे फिल्मी गीत यों ही नहीं बने हैं। छोटी-सी मुस्कुराहट चेहरे पर चार चांद लगा देती है। किसी की हंसी-मुस्कान कभी पहली नजर में भा जाती है, जीवन भर के साथी बन जाते हैं, तो किसी का संबल भी बनती है। कुदरत का यह तोहफा नायाब है। जब हम आज की व्यस्त दिनचर्या में अपनी हंसी खोते जा रहे हैं तो इसकी अहमियत को समझें, सजग हों कि हंसना जरूरी है। आज दुनिया भर में हंसने के बहाने ढूंढ़े जा रहे हैं। हंसना जरूरी न समझा जाता तो हर साल 'वर्ल्ड लाफ्टर-डे' क्यों मनाया जाता? आज तो हंसने-हंसाने के लिए जगह-जगह लाफ्टर क्लब खुल चुके हैं, लोग यहां आकर एक साथ हंसते हैं, अपना मेंटल स्ट्रेस कम करते हैं। अपने भीतर खुशियां समेटते हैं।

**शुरू हुई मेडिकल क्लाउनिंगः** हंसने के फायदे इसी से समझे जा सकते हैं कि मेडिकल क्लाउनिंग जैसे प्रोफेशन अब शुरू हो गए। इस प्रोफेशन को अपनाने वाले लोग अस्पतालों में या स्वयं क्लीनिक खोलकर असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों के होंठों पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं। विभिन्न शोधों से मालूम हो चुका है कि ऐसे प्रयास किसी दवा से कम कारगर नहीं होते बल्कि यह कहिए कि दवाएं तभी काम करती हैं, जब चेहरे पर हंसी हो। दरअसल, हंसी हमारे भीतर सकारात्मक भाव पैदा करती है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कई शोधों से यह पता चला है कि हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन बनता है, जो हमारा मूड हैप्पी रखता है। हम



अपने आपको तरोताजा महसूस करते हैं। यह हार्मोन हमें सुखद एहसास और पॉजिटिव थिंकिंग देता है।

**हंसी को न बनाइए दुर्लभः** हंसना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए अब लोग लाफ्टर क्लब के सदस्य बनने लगे हैं, लोग पार्क में एकत्र होकर हंसते हैं, लेकिन यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या हंसी इतनी दुर्लभ हो गई है कि इसके लिए हमें बनावटी तरीके अपनाने पड़ें। हंसने के लिए हमें सहज तरीके अपनाने चाहिए ताकि हम सचमुच हंसें। हंसने के लिए हमें अपने आस-पास के लोगों की बातों पर हंसने की वजह खोजनी चाहिए। आमतौर पर हम हंसना-हंसाना दोस्तों-सहेलियों या फिर देवर-भाभी, जीजा-साली जैसे रिश्तों के बीच हुई बातें मानते हैं, लेकिन सिर्फ इनसे ही नहीं, आप अपने पति, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता के साथ भी मजेदार बातें करें, सबके साथ हंसिए। परिवार के सदस्यों के साथ हंसना आपके रिश्तों में मिठास घोलेगा, इससे आपके रिश्ते गहरे भी होंगे।



**बेस्ट एंटी एजिंग फॉर्मूलाः** अगर आप यह कॉम्पिलमेंट पाना चाहती हैं, 'आपकी स्किन से आपकी उम्र का पता ही नहीं चलता,' तो किसी साबुन या क्रीम से ज्यादा अपनी हंसी पर भरोसा कीजिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि हंसने से चेहरे की मांसपेशियों की बेहतरीन एक्सरसाइज होती है। इससे चेहरे पर झुर्रियां जल्दी नहीं पड़तीं। हंसने के दौरान हम गहरी सांस लेते और छोड़ते हैं, इस कारण शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। यही कारण है कि हंसने-हंसाने वाली महिलाएं न केवल अधिक जवां दिखती हैं, ऊर्जावान भी रहती हैं, तो एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स पर पैसे बहाने की बजाए, बस हंसी पर ऐतबार कीजिए और हमेशा जिंदादिल, जवां रहें।

**ध्यान कीजिए पिछली बार कब खुलकर हंसी थींः** आज की लाइफस्टाइल में हंसना-हंसाना बहुत बड़ी बात हो गई है।



हास्य कलाकारों या कवियों के पारिश्रमिक कई बार आपको चौंका सकते हैं। यह और बात है कि ऊंचा पेमेंट लेकर भी कई बार वे घिसी-पिटी हास्य कविताएं या जोक सुनाते हैं। हंसाने के लिए टीवी पर कई कॉमेडी शोज भी आते हैं। इनकी टीआरपी बहुत अच्छी होती है। असल में यह सारी मशक्कत इसलिए है कि हम हंसना अब भूलते जा रहे हैं। बड़ी-से-बड़ी किसी हंसी वाली बात पर भी बस हल्के से मुस्कुरा देना,हमारी आदत-सी बन गई है। यकीन न हो तो खुद ही याद कीजिए कि पिछली बार आप कब खुलकर हंसी थीं?

**ड्रामा नहीं, कॉमेडी देखिएः** पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड में एक शोध किया गया। जिन लोगों पर यह शोध किया गया, उन्हें दो ग्रुप में बांटा गया। पहले ग्रुप को कॉमेडी दिखाई गई तो दूसरे को थोड़ा तनाव देने वाला ड्रामा दिखाया गया। परिणाम में देखा गया कि जिस ग्रुप को कॉमेडी दिखा कर हंसाया गया, उनका रक्त संचार दूसरे ग्रुप से बेहतर था। इसलिए टीवी पर सास-बहू या अपराध से जुड़े सीरियल देखने से कहीं बेहतर है, आप हेल्दी कॉमेडी शोज को देखें।

**दर्द हो जाएगा उड़न-छूः** यकीनन आपकी जिंदगी में भी कई ऐसे लोग होंगे, जिनकी हंसी-ठिठोली देखकर आपके सारे गम उड़न-छू हो जाते होंगे। काम से थक कर वापस आने पर जीवन साथी या बच्चों की हंसी और बूढ़े माता-पिता की मुस्कान एक सुकून देती है। इनकी वजह से ही हम कुछ देर के लिए सारे दुख-दर्द भूल जाते हैं। कई शोध में पाया गया है कि स्पोंडिलाइटिस या कमर, रीढ़ के असहनीय दर्द को दूर भगाने में लाफ्टर थेरेपी बहुत कारगर साबित हुई है। इसीलिए लाफ्टर थेरेपी को मानने वालों का नारा है, 'दस मिनट ठहाके लगाइए और घंटे भर दर्द से दूर रहिए।'

हम देखते हैं कि इस भागम-भाग भरी जिंदगी में हम अकसर भौतिक संसाधन बटोर कर खुश रहने का प्रयास करते हैं, लेकिन सच तो यह है हम अपना सुकून खो रहे हैं। तो इस लाफ्टर-डे पर अपने आपसे प्रॉमिस कीजिए कि हंसने-हंसाने के नए-नए बहाने खोजेंगे, खुलकर खुद हंसेंगे और दूसरों को भी हंसाएंगे। ❀

---

मिड एज में आते ही कुछ महिलाओं को लगता है, जीवन बहुत जी लिया, अब कुछ नया करने की उम्र नहीं है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप बहुत कुछ नया कर सकती है, बस हमेशा उत्साह-उमंग से भरे रहिए, आपकी हर आकांक्षा पूरी होगी।



# मिड एज में भी जिंदगी लगेगी खूबसूरत

बी पॉजिटिव

शिखर चंद जैन

यही 40-45 की उम्र में आते ही कुछ महिलाएं जिंदगी में एक ठहराव महसूस करने लगती हैं। उन्हें लगता है, बस अब जिंदगी की रफ्तार थम गई है। अब कुछ नया करने को नहीं है। ऐसी महिलाओं में जिंदगी के प्रति कोई उत्साह-उमंग नहीं रहता। इस तरह की नेगेटिव सोच सही नहीं है। हमें यह समझना चाहिए, जिंदगी का हर दिन नया है। चाहे मिड एज हो या ओल्ड, नएपन, निखार, सुधार, तरक्की, उत्साह-उमंग और सफलता की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। बस जिंदगी के प्रति हमारा नजरिया उत्साहपूर्ण और पॉजिटिव होना चाहिए।



**जीवन जितना है, बहुत हैः** मिड एज में आते ही बहुत-सी महिलाएं सोचती हैं, 'अब जिंदगी बची ही कितनी है, जो कुछ नया शुरू किया जाए।' इस तरह की नेगेटिव सोच आपको उत्साह-उमंग भरी जिंदगी जीने से रोकती है। हमेशा यही सोचना चाहिए कि अभी तो हमारे सामने जीवन जीने के लिए लंबा समय है, बहुत कुछ करना बाकी है। जीवन जितना है, बहुत है। इसलिए उम्र के किसी भी पड़ाव पर नए सपने देखिए और इन्हें पूरा कीजिए, इससे आप हमेशा जीवंत रहेंगी। जिंदगी बहुत प्यारी-सी लगेगी।

**सोशल एक्टिविटीज बोझ नहींः** कई महिलाएं उम्र का हवाला देकर सोशल एक्टिविटीज से बचती हैं। उन्हें लगता है कि यह सब फालतू काम हैं, इनमें समय की बर्बादी होती है। यह सोच गलत है। सोशल एक्टिविटीज न सिर्फ हमारा मन स्वस्थ रखती हैं बल्कि इससे हमारा सामाजिक दायरा, मित्रता और लोगों से घनिष्ठता भी बढ़ती है। मिड लाइफ तो विशेष रूप से सोशल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होने का सही समय है। इससे आपका अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार होता है।

**व्यर्थ की चिंताओं में न उलझेंः** 'मैंने शुरू से ऐसा किया होता तो अच्छा होता', 'मैंने वैसे क्यों नहीं किया?', इस तरह की बातें व्यर्थ की चिंताएं हैं। जो बीत गई, सो बात गई, बीता समय कभी लौटकर नहीं आ सकता। इसलिए व्यर्थ की चिंताओं से मुक्त होकर जिंदगी जिएं। जीवन को सरसता और सहजता से जिएं। चिंताओं के बजाय आगे की जिंदगी के लक्ष्य तय करके, इन्हें पूरा करने में लग जाएं। आपको जिंदगी खूबसूरत लगेगी।

**कुछ सार्थक करेंः** अगर इन दिनों आपके पास कुछ अतिरिक्त समय है, तो इसे किसी सार्थक काम में लगाएं। इसे सोशल नेटवर्क बढ़ाने, नई स्किल सीखने, मोटिवेशनल बुक्स पढ़ने, तन-मन की सेहत संभालने-संवारने में इस्तेमाल करें। आप चाहें तो बागवानी करें, पर्यटन के लिए निकलें। जीवन में नयापन चाहिए तो हर रोज नए-नए लोगों से मिलें।

**कुछ ऐसा करें जो आत्मसंतुष्टि देः** जब हम अपने समाज और देश हित के लिए कुछ करते हैं तो हमें एक आत्मसंतुष्टि महसूस होती है। इसलिए अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के बाद अब आपको देश-समाज के लिए भी कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसे करके आपको आत्मसंतुष्टि मिले, गर्व महसूस हो। गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाएं, उनके लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराएं। निरक्षर या वृद्ध लोगों के लिए सरकारी या बैंक संबंधी कार्य का निष्पादन करने में उनकी मदद करें, इससे आपको खुशी मिलेगी। ❀

---

स्पेशलः इंटरनेशनल डांस डे, 29 अप्रैल

डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जो शरीर ही नहीं मन के मोर्चे पर भी बदलाव लाती है। सोशल फ्रंट पर जुड़ाव को इंस्पायर करती है। यही वजह है कि हमारे यहां पर्व और खुशी के हर अवसर पर नृत्य करने की परंपरा रही है। आइए, हम भी इसे अपने जीवन में शामिल कर, इसे उल्लास से भर दें।

# हेल्थ-सोशल बॉन्डिंग से जुड़ा आर्ट ऑफ डांस

लाइफस्टाइल

चैतन्या

नृत्य कला में संस्कृति के रंग ही नहीं, स्वास्थ्य से जुड़े फायदे भी निहित हैं। नृत्य करने से मन उल्लासित और शरीर सक्रिय रहता है। इसे करने से मन-जीवन को खुशहाल रखने वाले हार्मोंस स्रावित होते हैं। आलस दूर भागता है। चेहरे की भाव-भंगिमाओं से लेकर शरीर की लचक तक, नृत्य के अनगिनत लाभ हैं। सबसे अहम यह है कि नृत्य की उमंग संग होने वाले सेलिब्रेशंस में महिलाओं की भूमिका सबसे मुखर होती है। इसीलिए स्वास्थ्य सहेजने की बात हो या खुशियां मनाने की, डांस को अपने जीवन में जरूर जगह दीजिए। समय मिले तो अपनी पसंद की किसी नृत्य विधा को सीखिए। देश के जिस हिस्से से भी जुड़ी हैं, वहां के परंपरागत नृत्य की थाती को सहेजने में रुचि लीजिए। यह जुड़ाव आपके अपने जीवन को उल्लासित बनाए रखेगा।



**मन-मस्तिष्क रहते हैं स्वस्थः** नृत्य मनोभावों की अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम है। यह कला सदा से ही अपने आपको एक्सप्रेस करने का सबसे सुंदर तरीका रही है। यही वजह है कि यह आर्ट, सीधे-सीधे मन-मस्तिष्क की बेहतरी से जुड़ी है। डांस करने से तनाव और अवसाद जैसी कई बीमारियों का खतरा कम होता है। मन तरोताजा रहता है। याददाश्त अच्छी होती है। नियमित डांस करने से दिमाग सजग रहता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन का अध्ययन बताता है कि डांस करने से डिमेंशिया होने की संभावना कम हो जाती है। नए-नए स्टेप्स सीखना और नृत्य करने की आदत से मस्तिष्क सही और समय पर प्रतिक्रिया देने को लेकर सचेत रहता है। स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में जब दिमाग छोटी-छोटी बातें भूलने लगा है, डांस की एक्टिविटी फोकस बढ़ाने में मददगार बन सकती है। असल में शारीरिक संतुलन और सही भावाभिव्यक्ति को साधने से जुड़ी यह गतिविधि दिमाग को फोकस्ड रहना सिखाती है। इतना ही नहीं डांस करने से मूड भी अच्छा रहता है। यह मनःस्थिति उदासी और डिप्रेशन के घेरे से बचाती है। डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जिसे मिल-जुलकर ही नहीं अकेले भी किया जा सकता है। यही कारण है कि नृत्य में रुचि रखने वाले लोगों को अकेलापन भी नहीं घेरता।

**शारीरिक फिटनेस में सहायकः** शारीरिक सक्रियता के लिए नृत्य एक बेहतरीन एक्टिविटी है। इसीलिए कसरत करने के लिए भी डांस आर्ट से जुड़ा जा सकता है। यह कला ना सिर्फ फिजिकल फिटनेस में मदद करती है बल्कि शरीर को एजिंग से भी दूर रखती है। मोटापे की समस्या से जूझने और वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज के रूप में डांस करना एक बेहतरीन विकल्प है। डांस करने से कैलोरीज तो बर्न होती ही हैं, मन भी खुश रहता है। इसके चलते शरीर को खुशी बढ़ाने वाले हार्मोंस मिलते हैं। नींद अच्छी आती है। ऐसे बातें भी अप्रत्यक्ष रूप से वजन कम करने में मददगार बनती हैं। डांस करने से स्टेमिना भी बढ़ता है। हेल्दी और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा मिलता है। हर ओर से चिंताओं में घिरी जिंदगी के इस दौर में नृत्य कला से जुड़ाव मन को स्थिर रखने में भी मदद करता है। शरीर की थिरकन समग्र जीवन को उमंग की सौगात देती है।

**सामाजिकता-आत्मविश्वास को बलः** नवरात्र में मिलकर गरबा करने की बात हो या लोहड़ी पर भांगड़ा-गिद्दा नृत्य की धूम। शादी-ब्याह की रौनक में थिरकने का उल्लास हो या परंपरागत नृत्य शैली को साधने की यात्रा। नृत्य, सामाजिकता मेल-जोल बढ़ाने और आत्मविश्वास को बल देने वाली कला है। खास धुन और खास अवसर पर मिलकर झूमने-थिरकने से आपसी जुड़ाव बढ़ता है। त्योहार हो या सामाजिक-पारिवारिक आयोजन, डांस करने से हर मौके की रौनक बढ़ जाती है। अध्ययन भी बताते हैं कि खुद को अभिव्यक्त करने की यह कला इंसान को नकारात्मक भावना से दूर रखती है। सामाजिक जुड़ाव और आपसी संवाद मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डालने वाले महत्वपूर्ण फैक्टर्स हैं। इसलिए अपनी जिंदगी में डांस को जरूर शामिल कीजिए। ❀

---

मेकअप


सरिता गुप्ता

# गर्मियों के लिए परफेक्ट मैटलुक मेकअप

गर्मी के दिनों में नॉर्मल मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इस मौसम में नेचुरल और मैटलुक मेकअप ही इंप्रेसिव लगता है। मिनिमल मेकअप से आपके फीचर्स शार्प और स्किन नेचुरल, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। अगर आपका फेस ऑयली है तो इस सीजन में आप मैटलुक मेकअप करें, क्योंकि इससे आपको प्यारा-सा लुक और स्मूद टेक्सचर मिलता है।

**क्लीनिंगः** सबसे पहले अपने चेहरे को क्लीन करें। इससे मेकअप में फिनिशिंग लुक परफेक्ट आएगा और यह लॉन्ग लास्टिंग भी बना रहेगा। फेस को धोने के लिए आप फेसवॉश से चेहरे को साफ करें और फिर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें। चेहरा साफ करने के बाद सनस्क्रीन लगाएं।

**जरूरी है प्राइमरः** कभी-कभी स्किन पर रेडनेस, डलनेस और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याएं आ जाती हैं। इसलिए हमेशा मेकअप से पहले प्राइमर यूज करना सही रहता है। प्राइमर के इस्तेमाल से मेकअप आपकी स्किन के पोर्स के अंदर नहीं जाता और साथ ही मेकअप प्रोडक्ट्स को एक चिकना बेस देने में मदद करता है। प्राइमर, मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग भी बनाता है।



**फाउंडेशनः** मैटलुक मेकअप के लिए वाटर बेस्ड फाउंडेशन का ही चयन करें। वाटर बेस्ड फाउंडेशन की एक मोटी परत लगा कर इसे स्पंज की मदद से स्मूद फिनिश दें और इसे धीरे-धीरे ब्लेंड करें।

**कंसीलर-ब्रांजरः** कंसीलर से अपने चेहरे के दाग-धब्बों और डार्क सर्कल को छुपाने के लिए आपको फाउंडेशन से मैच करता हुआ शेड ही लगाना चाहिए। इसके साथ ब्रांजर का यूज आपके मैटलुक को नेचुरल दिखाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसको ज्यादा मात्रा में यूज ना करें। ब्रांजर को माथे के ऊपरी हिस्से, चीक बोंस और चिन पर लगा सकती हैं।

**लूज पावडरः** फाउंडेशन लगाने के बाद मेकअप को सेट करने के लिए कांपैक्ट फेस पावडर की बजाय हमेशा लूज पावडर का इस्तेमाल करें।

**मैट ब्लशः** कोरल-पिंक मैट ब्लश का यूज करके आप अपने गालों को हाईलाइट कर सकती हैं। मैट ब्लश को हमेशा ब्रश की मदद से ही अप्लाई करें।

**आईशैडोः** मैट फिनिश लुक के लिए न्यूड शेड वाले मैट आईशैडो का यूज करें। आप अपने आउटफिट से मैच करता हुआ आईशैडो का कलर भी चुन सकती हैं।

**मैट लिपस्टिकः** मैटलुक के लिए आप लिक्विड लिपस्टिक का यूज करें। ❀

**(मेकअप आर्टिस्ट कोमल चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

---

बच्चे और आप

रजनी अरोड़ा

आप जरूर चाहती होंगी, आपके बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही ढंग से हो, उसका व्यक्तित्व प्रभावशाली हो, जीवन हमेशा खुशहाल रहे। इसके लिए आपको बच्चे की परवरिश में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होगा।

# परवरिश का होगा यह तरीका बच्चों का होगा खुशहाल जीवन

हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है, उनका बच्चा स्वस्थ और खुश रहे। उसके व्यक्तित्व का सही ढंग से विकास हो। इसके लिए वे पूरी तरह प्रयासरत भी रहते हैं। लेकिन खुशी केवल बाहरी कारकों से नहीं आती, यह बच्चे की मनःस्थिति, सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और अच्छे सामाजिक संबंधों पर निर्भर करती है। खुशी एक कौशल है, जिसे सही आदतों और दृष्टिकोण से विकसित किया जा सकता है। यह संभव है, बच्चे की अच्छी परवरिश से। विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों की परवरिश केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों में सही मानसिकता, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक सोच विकसित करना भी जरूरी है। रोजमर्रा की अच्छी आदतें बच्चों को न सिर्फ खुश रहने, बल्कि जीवनभर के लिए खुशहाल और आशावादी बनने में भी मदद करती हैं। जिनका ध्यान रखना पैरेंट्स के लिए बहुत जरूरी है।



**दें खुशहाल और सुरक्षित माहौलः** बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य आस-पास के वातावरण पर निर्भर करता है। अगर घर का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेम से भरा होगा, तो बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ेगा, वे खुश भी रहेंगे। इसलिए परिवार में आपसी तनाव या नकारात्मक भावों को खत्म कर हमेशा सकारात्मक माहौल बनाए रखें। बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह एहसास कराएं कि वे आपके लिए अहम हैं। इससे बच्चे खुलकर अपनी बातें आपके सामने रखेंगे। आप भी उनकी समस्याओं का निवारण आसानी से कर सकेंगी।



**किताबें पढ़ने को बढ़ावा देंः** बच्चों को तरह-तरह की पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें। सोचने और समझने की क्षमता विकसित होती है। आत्मिक संतुष्टि प्रदान करने के साथ खुशहाल जीवन बिताने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। पसंदीदा किताबें पढ़कर सुनाएं और उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। हल्की-फुल्की कहानियां, कॉमिक बुक्स पढ़ने को दें। नैतिक शिक्षा पर आधारित किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**स्वस्थ सामाजिक रिश्ते बनाना सिखाएंः** बच्चे को मजबूत और प्रेमपूर्ण संबंध बनाना सिखाएं। सहानुभूति सिखाएं, जिससे वे दूसरों की भावनाओं को समझ सकें। अपनी टीमवर्क, दोस्तों, परिवार और शिक्षकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें। दूसरों की मदद करने की आदत बनाएं।

**सकारात्मक सोच को दें बढ़ावाः** बच्चों में सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें, ताकि धैर्य रखकर वे बुरे वक्त में निराश न होकर सकारात्मक समाधान ढूंढ़ पाएं। बच्चों को सिखाएं कि हर समस्या का समाधान मुमकिन है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं। 'मैं नहीं कर सकता' को 'मैं कोशिश करूंगा' में बदलने के लिए प्रेरित करें। पैरेंट्स बच्चों के सामने सकारात्मक बातें करें, जैसे- 'तुम कर सकते हो', 'अगली बार और बेहतर होगा।'

**खुद से प्यार करना सिखाएंः** हर बच्चा दूसरे से अलग होता है। व्यक्तिगत विशेषताओं और कार्यक्षमता को समझ कर विशिष्ट बनने के लिए प्रोत्साहित करें। उसकी क्षमताओं की सराहना करें। बच्चों की दूसरों से तुलना करने से बचें।

**करें प्रेरितः** रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे ज्यादा खुश और हेल्दी रहते हैं। उन्हे संगीत सुनने या वाद्य यंत्र बजाने के लिए प्रोत्साहित करें। ❀

**(सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. इमरान नूरानी से बातचीत पर आधारित)**

इन्दौर ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में सीएम डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से कहा

# टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 केवल निवेश का मंच नहीं, बल्कि विचार मंथन, नीति-निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का है अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का समापन एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में हो रहा है। यह केवल निवेश का मंच नहीं था, बल्कि एक विचार-मंथन, नीति-निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर था। मप्र की यह यात्रा यहीं नहीं रुकेगी। हम निवेशकों के विश्वास को मजबूती देंगे, नई नीतियां लागू करेंगे, आधारभूत संरचना को और सशक्त करेंगे, और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि मप्र आत्मनिर्भर भारत के विकास पथ का ध्वजवाहक बने। यह टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात रविवार को इन्दौर ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में आयोजित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को हम 'विकसित मप्र' से साकार करेंगे और उनके विजन-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का समापन केवल एक आयोजन का अंत नहीं, बल्कि यह उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 की एक सफल शुरुआत है, जो मप्र को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस वर्ष, हम नए रोजगार सृजन के लिए प्रयास करेंगे। तकनीकी परक नीतियों को और अधिक सशक्त बनाएंगे। औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाएंगे। ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोत्कृष्ट बनाएंगे।

कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री की 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग हुई



## औद्योगिक सेक्टर में कुल 452.95 करोड़ के निवेश वाली परियोजना श्रृंखला की घोषणा

औद्योगिक सेक्टर में कुल 452.95 करोड़ रुपए के निवेश वाली एक सशक्त परियोजना श्रृंखला की घोषणा हुई है। इससे हेवी इंजीनियरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स, फर्नीचर, फूड प्रोसेसिंग, मेडिकल डिवाइसेज और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2,049 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इनमें से छह परियोजनाओं का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ है, जिसमें 195.5 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। इन परियोजनाओं से 1,200 नवीन रोजगार का सृजन होगा। पांच नई औद्योगिक इकाइयों का उद्घाटन हुआ है, जिसमें 32.4 करोड़ रुपए का निवेश और 214 नए रोजगार का सृजन हुआ है। इसके साथ ही पांच उभरते उद्यमों के लिए 225.05 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 635 नए रोजगार सृजन के लिए आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। जिसमें पीपीपी मोड पर इंदौर के आईटी पार्क (परदेशीपुरा) में आईटी टावर, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु ऑप्टिकल फाइबर, भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में स्थापित होने वाली 8 कंपनियों को कुल 12 आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव के दौरान 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग हुई।

### भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान क्षेत्रीय केंद्र

भोपाल/इंदौर में आईआईसीटी के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जो डिजिटल नवाचार, रचनात्मक शिक्षा और स्किल डवलपमेंट के लिए एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराते हैं। एमपीएसईडीसी में निवेश प्रोत्साहन के लिए नई संगठनात्मक संरचना इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के प्रमुख आईटी पार्कों में चार नए सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं ताकि क्षेत्रीय स्तर पर निवेशकों को सहायता और नीति क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

### भोपाल में आईटी पार्क टॉवर

भोपाल में लगभग 3 लाख वर्ग फुट लीज़ योग्य कार्यक्षेत्र के साथ 125 करोड़ रुपए के निवेश से एक नया आईटी टॉवर प्रस्तावित है, जो तकनीकी उद्यमों को बूस्ट देगा। नीति दिशा-निर्देश और प्रोत्साहन पोर्टल यानी निवेशकों को एकीकृत सुविधा देने के लिए प्रोत्साहन पोर्टल लॉन्च किया जा रहा है। इसके तहत निम्नलिखित नीतियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके तहत एमपी जीसीसी नीति-2025, एमपी सेमीकंडक्टर नीति-2025, एमपी एवीजीसी-एक्सआर नीति-2025, एमपी ड्रोन प्रोत्साहन और उपयोग नीति-2025 के तहत उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

### दृष्टि आईआईटीआई इनक्यूबेशन सेंटर

सिन्हासा आईटी पार्क इंदौर में 10,248 वर्ग फुट में 120-सीटर स्टार्टअप स्पेस का निर्माण किया जाएगा, जो प्रदेश के स्टार्टअप्स को नई ऊंचाइयों पर पहुचने का कार्य करेगा। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित निवेश लगभग 7 करोड़ रुपए है जो लगभग 120 स्टार्टअप्स कंपनियों के लिए पर्याप्त होगा।

### एमपी-सीईआरटी साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र

*एमपी-सीईआरटी के अंतर्गत राज्य में साइबर सुरक्षा हेतु उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र अनुसंधान, प्रशिक्षण, साइबर खतरों की जानकारी और नीति समर्थन पर केंद्रित होगा, जिससे सरकारी एजेंसियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को सशक्त किया जा सके।*

### बंदीखेड़ी, बैरसिया में ईएमसी 2.0–इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित होगा

*भोपाल के बंदीखेड़ी, बैरसिया में 209.47 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया जा रहा है, जो 1,500 करोड़ रुपए से अधिक का निजी निवेश आकर्षित करने और 75,000+ नौकरियां (30,000 प्रत्यक्ष और 45,000 अप्रत्यक्ष) सृजित करने का लक्ष्य रखता है।*

### कॉन्क्लेव में की गई प्रमुख घोषणाएं

कॉन्क्लेव में स्पेसटेक एवं नवाचार नीति लॉन्च की है, जिसका उद्देश्य राज्य को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और वाणिज्यिक अंतरिक्ष उद्यमों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी।

---

सम्मेलन में केंद्र के समान डीए देने घोषणा करने पर मुख्यमंत्री का माना आभार

# राजपत्रित अधिकारी संघ ने कहाः मुख्यमंत्री कर्मचारी हितैषी, कर्मचारियों की मांगों का कर रहे समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन रविवार को नार्मदीय भवन तुलसी नगर में आयोजित किया गया। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि प्रांतीय सम्मेलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य आतिथ्य के रूप में शामिल हुए। डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का सम्मान कर केंद्र के समान 55 प्रतिशत डीए देने की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया। डीके यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर्मचारी हितैषी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगातार कर्मचारी-अधिकारियों की लंबित समस्याओं और मांगों का निराकरण कर रहे है। कर्मचारियों के दर्द को समझकर ही उन्होंने नौ साल से पदोन्नति पर लगी रोक को हटा कर केंद्र के सामान 55 प्रतिशत डीए के साथ एरियस भी देने की घोषणा की। सम्मेलन में संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी समान रूप से पिछली तिथि से पांच प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग की है।

**नार्मदीय भवन तुलसी नगर में मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन**




### 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति में हो संशोधन



*संविदा महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने राजपत्रित संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री का स्वागत कर नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर संविदा कर्मचारियों के संबंध में चर्चा की। रमेश राठौर ने मुख्यमंत्री से संविदा नीति 22 जुलाई 2023 में संशोधन करने तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार संविदा कर्मचारियों के नियमिति करने की मांग की।*

### सम्मेलन में मांग-पत्र पर चर्चा कर बनाई रणनीति

सम्मेलन में राजपत्रित अधिकारी संघ की मांगों पर प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श कर उनके निकाकरण की रणनीति बनाई। मांग पत्र में राजस्व विभाग अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों को वेतनमान एवं पदनाम, सामाजिक सुरक्षा-दायित्व को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना, समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आयुषमान कार्ड की तर्ज पर 10 लाख तक का केश-लेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि मांगें शामिल है।

### डीए की बढ़ोतरी के साथ एरियर की सौगात



शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने महंगाई भत्ते में पांच प्रतिशत की वृद्धि कर 55 प्रतिशत करने की घोषणा का स्वागत कर मुख्यमंत्री का आभार माना है। मुख्यमंत्री ने न केवल पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है, बल्कि जुलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक का एरियर देकर कर्मचारियों को दो गुनी खुशी दी। मुख्यमंत्री की घोषणा से प्रदेश के कर्मचारियों को 775 रुपए से लेकर 7500 रुपए तक का सीधा लाभ मिलेगा।

---

पीएम मोदी बाबा साहेब के विकसित भारत के संकल्प का क्रियान्वयन कर रहेः भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान समारोह को किया संबोधित

# डॉ. आंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज निर्माण के लिए गुरू की भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए गुरू की भूमिका निभाई और देश की आजादी को अमर, अखंड और अक्षुण्ण रखने का आधार बनाया। एक हजार साल की गुलामी के दौर से गुजरे देश में, गुलामी के कारणों को खोजने और उन कारणों का प्रभावी समाधान देने में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान है।

आरक्षण की व्यवस्था को संवैधानिक आधार प्रदान कर डॉ. आंबेडकर ने देश में समानता के भाव का विस्तार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूथ कॉन्क्लेव में श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर सांसद विष्णुदत्त शर्मा, सांसद देवास महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डिक्की के मप्र चैप्टर प्रमुख अनिल सिरवैया ने सोशल जस्टिस पत्र की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मुदित शैजवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



### भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य बाबा साहेब आंबेडकर ने कियाः शर्मा

*कार्यक्रम में सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने किया। प्रधानमंत्री मोदी उनके विकसित भारत के संकल्प का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।*

### देश में सभी वर्गों को प्रगति के समान अवसर मिलेः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर की ओर से स्थापित व्यवस्था के परिणामस्वरूप ही देश में सभी वर्गों को प्रगति के समान अवसर मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर सहित अन्य कठिन और संघर्षपूर्ण परिस्थिति में रह रहे परिवारों से आए व्यक्तियों को देश का नेतृत्व करने सहित महत्वपूर्ण पदों से व्यवस्था संचालन के अवसर प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों की महत्ता को स्वीकारते हुए उनकी जन्म स्थली महू पर विश्वविद्यालय स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री की पहल पर नई शिक्षा नीति में डॉ. आंबेडकर को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है और उनके विचारों पर शोध को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

---

# शिक्षा के प्रति रुचि जगाने छतई में 140 बच्चों को बांटे स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

अदाणी फाउंडेशन की सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के तहत अनूपपुर थर्मल एनर्जी एमपी प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना क्षेत्र के ग्रामीण सरकारी विद्यालयों में स्कूल बैग वितरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छतई ग्राम के दो विद्यालयों से हुई, जहां कुल 140 छात्रों को नए स्कूल बैग प्रदान किए गए। यह पहल 5 पंचायतों के 18 विद्यालयों के कुल 854 छात्रों को कवर करेगी। इससे पूर्व भी अदाणी फाउंडेशन ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य किए हैं, जिनमें परियोजना क्षेत्र के 18 विद्यालयों में 587 स्कूल बेंच-डेस्क की व्यवस्था और आंगनवाड़ी के 354 बच्चों को बैग वितरित किए जाना शामिल है।



इस अवसर पर मझौली पंचायत की सरपंच चंदा पनिका ने बच्चों को बैग वितरित किए और इस पहल की सराहना की।

वहीं, अडाणी परिवार के अधिकारियों ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों का संचालन करती रहेगी। यह पहल न केवल शैक्षिक संसाधनों की पूर्ति करती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सकारात्मक प्रयास है।

---

कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन और विशाल किसान सम्मेलन में बोले कृषि मंत्री नेताम

# कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किसानों के लिए वरदान



बलरामपुर-रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 7, रिंग रोड में मां कुदरगढ़ी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन और विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, भाजपा नेता बाबूलाल, मां कुदरगढ़ी एग्रो के कन्हैया लाल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री नेताम ने कृषि और उद्यानिकी विभाग की सामग्री किसानों को वितरित की। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज का निर्माण क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि को प्राथमिकता दी जा रही है। कोल्ड स्टोरेज के लिए विशेष छूट दी जाती है ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिले। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### सैकड़ों किसानों को मिल सकेगा लाभ

सामाजिक चिंतक बजरंग मुनि ने बताया कि 60 वर्ष पहले वे रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आह्वान पर उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़कर कृषि शुरू की थी। उन्होंने खुशी जताई कि उसी क्षेत्र में आज कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार है, जो सैकड़ों किसानों को लाभ देगा। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज से व्यापार और शहर दोनों का विकास होगा। उन्होंने नेताम के विकास कार्यों की सराहना की। मां कुदरगढ़ी एग्रो के कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाया गया है।

### जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए 10 करोड़ की राशि

कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है और अधिकारियों-ठेकेदारों से निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की चर्चा चल रही है। तब तक जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे सड़क आवागमन के लिए बेहतर होगी। नेताम ने किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग खतरनाक है। सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

---

भिलाई के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के अवंती बाई चौक क्षेत्र की घटना

# भीषण सड़क हादसे में युवक-युवती की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में सड़क हादसे में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में एक तेज रफ्तार कार बिजली पोल से जा टकराई। जिसमें सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक हो गई। हादसे की जानकारी लगाते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों के शव को पीएम के लिए भेजवाकर जांच में जुट गई है। भिलाई के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के अवंती बाई चौक में सुबह एक तेज रफ्तार कार बिजली पोल से टकराई। जिससे कार में सवार एक युवक और एक युवती को मौत हो गई। घटना इतना भयंकर थी कि कार के अंदर बैठी युवती टक्कर के बाद कार से बाहर जा गिरी। कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने दोनों मृतकों की शिनाख्त आलोक साहू नंदिनी रोड छावनी और युवती पूजा सिंह सेक्टर 7 भिलाई के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। दोनों जुनवानी से सुपेला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अवंती बाई चौक के पास लगे बिजली पोल से जा टकराई। पुलिस ने मर्ग कायम विवेचना में जुट गई है।

---

मुख्यमंत्री ने दिगंबर जैन महाकुंभ में मुनियों से लिया आशीर्वाद

# भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा के सिद्धांतों से होगा समाज का कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सत्य, अहिंसा अपरिग्रह के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इंदौर में जैन मुनियों के महाकुंभ से मालवा की धरती धन्य हो गई है। मालवा क्षेत्र के लिए यह एक अद्भुत एवं अद्वितीय अवसर है। दिगंबर जैन मुनियों का पट्टाभिषेक कार्यक्रम का यह एक वृहद आयोजन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में दिगंबर जैन महाकुंभ में उपस्थित जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाकुंभ में पधारे जैन मुनियों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, क्षेत्रीय सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं कई विधायक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन मुनि अपने आचरण से समाज को सदाचरण का संदेश देते हैं। दिगंबर साधु प्रकृति के साथ जीवन यापन करना भी सीखते हैं। उनका आचरण हमारी धर्म के प्रति आस्था को और मजबूत बनाता है।

इंदौर में दिगंबर जैन महाकुंभ का आयोजन

गो शालाओं के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जा रहा



### मुख्यमंत्री का सम्मान कर आभार व्यक्त किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री नहीं करने का निर्णय लिया है और इसे अमल में भी लाया जा रहा है। राज्य सरकार ने तय किया है कि खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी और इसका पालन भी कराया जा रहा है। राज्य सरकार गोशालाओं के निर्माण को प्रोत्साहन दे रही है। गोपालन को प्रोत्साहन देने के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना बनाई गई है। इस योजना में 25 से ज्यादा गाय पालने पर शासन की ओर से 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का दिगंबर महाकुंभ कार्यक्रम के संयोजक मनीष गोधा ने सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया।

---

# दर्दनाक सड़क हादसे में 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

उरगा थाना अंतर्गत उमरेली सिवनी मुख्य रोड पर घटना घटी है। जहां ट्रैक्टर से टोचन कर जा रही मिक्सर मशीन से बारातियों से भरी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर जा टकराई। जहां इस हादसे में कार में सवार 10 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। वहीं इसकी सूचना तत्काल 112 और 108 वाहन को दी गई। जहां घायलों को चांपा स्थित अस्पताल के लिए रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि कार चांपा से कोरबा की तरफ आ रही थीं। वहीं टोचन करके ट्रैक्टर मिक्सर मशीन लेकर सिवनी की तरफ जा रही थी। वहीं सामने से आ रही कार अनियंत्रित होकर सीधे मिक्सर मशीन में जा टकराई। वहीं घायल लोगों को किसी तरह वाहन से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। जहां चालक को अचानक झपकी आने के बाद सीधे जा टकराया। रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के सामने के परखच्चे उड़ गए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अनीश पुत्र मोहम्मद हनीफ पताः गली नं 10, मुस्तफाबाद, भजनपुरा, दिल्ली और बघेरा विहार, मुस्तफा रोड, गली नं.10, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 715/2004 धारा 3/4/5/8 आईटी के तहत** थानाः शालीमार बाग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अनीश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अनीश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 715/2004 धारा 3/4/5/5 आईटी के तहत थानाः शालीमार बाग, दिल्ली के उक्त मोहम्मद अनीश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सान्या दलाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**उत्तर–पश्चिम कोर्ट नं.102, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5384/NW/2025

## चिंतन

# राफेल मरीन से समंदर में मजबूत होगा भारत

भारत अपनी सैन्य ताकत में लगातार इजाफा कर रहा है। इसी कड़ी में फ्रांस के साथ राफेल मरीन फाइटर जेट की डील काफी महत्वपूर्ण है। भारत फ्रांस से 63 हजार करोड़ रुपये में 26 राफेल मरीन विमान खरीदेगा। इन विमानों की तैनाती आईएनएस विक्रांत पर होगी। अभी मिग-29 तैनात है। मिग-29 की अपेक्षा राफेल मरीन काफी उन्नत और प्रभावी है। राफेल मरीन की एडवांस रडार टेक्नोलॉजी, ज्यादा हथियार ले जाने की क्षमता, बेहतर सेंसर इसे मिग-29 विमान से बेहतर बनाते हैं। भारत की नौसेन्य जरूरतों को राफेल मरीन पूरा करेगा। तीन वर्ष बाद इसकी आपूर्ति शुरू होगी और वर्ष 2030 तक सभी विमान मिल जाएंगे। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान बढ़े तनाव के बीच हुई इस डील का सीधा संदेश है कि भारत सेना व वायुसेना के साथ अपने नौसेना को भी मजबूत कर रही है। भारत के पास आईएनएस विक्रमादित्य व आईएनस विक्रांत दो युद्धपोत हैं, जबकि पाकिस्तान के पास ऐसा कोई युद्धपोत नहीं है। हाल के वर्षों में परमाणु पनडुब्बी से समेत कई पनडुब्बियां भारत ने अपने नौसैन्य बेड़े में शामिल की हैं। इस वक्त भारत हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में काफी मजबूत है। राफेल मरीन के आने से भारत के पास समंदर में छिपे दुश्मन की पनडुब्बियों को मार गिराने की क्षमता में वृद्धि होगी। राफेल मरीन विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है। इससे पहले भारत ने फ्रांस के साथ ही 58 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल जेट विमान की खरीद वायुसेना के लिए की थी। अभी नौसेना के लिए भारत को कम से कम 57 फाइटर प्लेन की आवश्यकता है, जिनमें से 26 राफेल मरीन की डील हुई है, बाकी स्वदेशी स्तर पर निर्माण होंगे। राफेल-एम (मरीन) का उपयोग नौसेना के विमान वाहक पोत में होगा। यह पाकिस्तान के एफ-16 और चीन के जे-20 से ज्यादा बेहतर है। यह उड़ान भरने के बाद 3700 किमी दूर तक हमला करने में सक्षम है। यह बहुत कम जगह पर भी लैंड कर सकता है। राफेल-एम में शक्तिशाली एंटी शिप मिसाइलें लगाई जा सकती हैं, जो हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने में सक्षम हैं। यह विमान पनडुब्बियां खोजकर ध्वस्त करने वाले विशेष रडार से लैस होता है। खास बात यह है कि राफेल-एम में बीच हवा में ही रीफ्यूलिंग की जा सकती है। इस फाइटर जेट से नभ, थल और जल में नौसेना की पकड़ और मजबूत होगी। भारत की वायुसेना के पास पहले से ही राफेल विमान हैं। ऐसे में इसके उपकरणों और रखरखाव के लिए ट्रेनिंग में ज्यादा समस्या नहीं आएगी। यह डील भारत और फ्रांस के संबंधों को मजबूत करने की एक पहल भी है। ड्रोन के बढ़ रहे प्रचलन के बीच लड़ाकू विमान सटीक हमले करने और दूर तक स्ट्राइक करने की अपनी क्षमता के लिहाज से अहम हैं। भारत ने इससे पहले 1997-98 में रूस से सुखोई विमान ख़रीदा था। सुखोई के बाद लड़ाकू विमानों की तकनीक काफ़ी बदल चुकी है और इस लिहाज़ से राफेल बहुत ही आधुनिक लड़ाकू विमान है। विश्व के शक्तिशाली देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को सामरिक रूप से ताकतवर देखना चाहते हैं, यह डील उस आकांक्षा को पूरी करती है। भारत के ध्यान में पाकिस्तान से अधिक चीन है, इसलिए मजबूत रक्षा तैयारी आवश्यक है। भारत को युद्धपोत बढ़ाने की भी आवश्यकता है और मरीन लड़ाकू विमान भी। हालांकि भारत को एआई बेस्ड ड्रोन और लेजर गन पर भी ध्यान देना चाहिए।

# वैश्विक रचनात्मक नेतृत्व की ओर भारत



वेव्स 2025

डॉ. एल. मुरुगन

प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) जो 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होगा, भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक बहुत ही शानदार अवसर है।

भारत ने सदैव कहानी कहने की कला में उत्कृष्टता हासिल की है। रामायण और महाभारत जैसे कालातीत महाकाव्यों ने पीढ़ियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। हमारी कथाएं इन गाथाओं से आगे बढ़ती हैं और सांस्कृतिक आधारशिला के रूप में कार्य करते हुए उन्हें यह आकार देती हैं कि हम दुनिया को किस तरह से देखने के साथ-साथ रचनात्मकता व्यक्त करते हुए कलाकारों एवं दूरदर्शी लोगों की पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। कहानी कहने का यह अंतर्निहित उत्साह एक सशक्त रचनात्मक आकांक्षा के रूप में विकसित हुआ है और अब यह भारत को वैश्विक मीडिया पावरहाउस के रूप में उभरने में भी सहायता कर रहा है। 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होने वाला प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स 2025 रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है।

अब पारंपरिक मीडिया से एक संपन्न डिजिटल-प्रथम इकोसिस्टम में परिवर्तित हो चुका है। इसके साथ-साथ अब यह स्ट्रीमिंग सेवाओं, सोशल मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वैश्विक संपर्क का भी विस्तार कर रहा है। भारत में विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन, सह-निर्माण समझौते और फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) जैसी सरकारी पहल वैश्विक रचनाकारों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करती है।

वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करता है। दुनियाभर के अभिनवकर्ताओं, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत प्रमुखों को एक साथ लाकर, शिखर सम्मेलन सहयोग के वातावरण को बढ़ावा देता है। इसके साथ-साथ यह मनोरंजन के निर्माण, वितरण और अनुभव को एक नया रूप देगा। इस परिवर्तन के केंद्र में वेवैक्स 2025 और वेव्स बाज़ार जैसी पहल हैं। वेवैक्स 2025 गेमिंग, एनिमेशन, एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर), जनरेटिव एआई और नेक्स्ट-जेन कंटेंट प्लेटफ़ॉर्म जैसी उभरती हुई तकनीकों में कार्य करने वाले स्टार्टअप को सशक्त बनाता है। यह पहल स्टार्टअप के लिए अपने विचारों को प्रदर्शित करने, मेंटरशिप हासिल करने और उद्यम पूंजीदाता और सेलिब्रिटी एंजेल निवेशकों के साथ वार्तालाप के माध्यम से सुरक्षित वित्त पोषण के लिए एक आधार तैयार करती है। दूसरी ओर, वेव्स बाजार एक गतिशील ई-मार्केटप्लेस के रूप में कार्य करता है जिसे रचनाकारों, खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। 5,500 से अधिक खरीदारों, 2,000 विक्रेताओं और




फिल्म, टेलीविज़न, गेमिंग, विज्ञापन के अलावा 1,000 पंजीकृत परियोजनाओं के साथ यह बाज़ार सहज सहयोग और अवसर खोज के लिए एक स्थल है। एआई-संचालित मैचमेकिंग यह सुनिश्चित करती है कि परियोजना और पेशेवरों को सही कनेक्शन, नवाचार और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में विकास को बढ़ावा मिले। ये प्लेटफॉर्म एक कार्यक्रम के संचालन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ एक परिवर्तनकारी इकोसिस्टम है जो वेव्स के समापन के बाद भी मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को प्रभावित करता रहेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलबिध सिद्ध होगा।

हमारा सबसे बड़े जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में भारत के युवा, वेव्स पहल से अत्यंत लाभान्वित होंगे। 29 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत न केवल दुनिया का सबसे युवा देश है बल्कि रचनात्मकता और नवाचार के मामले में सर्वाधिक जीवंत राष्ट्र भी है। वेव्स 2025 युवाओं को अपने दृष्टिकोण में अग्रणी रखने के साथ-साथ कौशल विकास, उद्यमिता और वैश्विक सहयोग के लिए मार्ग भी प्रशस्त करता है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज इस प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। 1,100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 1,00,000 पंजीकरणों के साथ इस चुनौती ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक प्रतिभाओं के एक विविध समूह को आकर्षित किया है। क्रिएटोस्फीयर के हिस्सा के रूप में फाइनल प्रतिभागियों को उद्योग प्रमुखों से जुड़ने, मास्टरक्लास में भागीदारी करने और वैश्विक प्रदर्शन हासिल करने के शानदार अवसर प्राप्त होंगे।

इसके अलावा, मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना भारत के युवाओं के भविष्य में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक है। कौशल विकास और नवाचार के लिए उत्कृष्टता के एक वैश्विक केंद्र के रूप में, आईआईसीटी रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को दूर करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि युवा भारतीयों के पास मीडिया और मनोरंजन उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने से जुड़ी विशेषज्ञता हासिल हो।सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद भी शामिल होगा, जिसमें वैश्विक प्रमुखों, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत के पेशेवर एक साथ भागीदारी करेंगे। यह संवाद केवल चर्चाओं के संदर्भ में ही नहीं है, अपितु अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नैतिक कार्य प्रणालियों और नवाचार के लिए रणनीति विकसित करने से जुड़ी कार्यवाही के लिए भी है।

प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के साथ निर्धारित संवाद से प्रभावशाली साझेदारी शुरू होने की आशा है, जिससे आने वाले वर्षों में भारत लाभान्वित होगा। विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण वेव्स 2025 केवल एक आयोजन नहीं है, यह विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक विकसित राष्ट्र के तौर पर रचनात्मकता और नवाचार में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। विविधता को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और युवाओं को सशक्त बनाने के माध्यम से, वेव्स 2025 भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के सतत विकास में सक्षम प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

वेव्स 2025 रचनात्मक उद्योग की अनंत संभावनाओं का सुदृढ़ीकरण है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के संगम के माध्यम से वैश्विक रचनात्मक इकोसिस्टम को फिर से पारिभाषित करने के भारत के दृष्टिकोण का प्रमाण भी है।

(लेखक केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चारधाम साइबर स्कैम

डॉ. मोनिका शर्मा



# यात्रा धोखाधड़ी से बचें श्रद्धालु

देश के हर हिस्से में हो रहे साइबर स्कैम चिंता का विषय बन गए हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा से जुड़ी ऑनलाइन बुकिंग की धोखाधड़ी के मामलों को लेकर भी श्रद्धालुओं को चेताया है। ध्यातव्य है कि 30 अप्रैल को चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही अक्षय तृतीया के दिन से यह धार्मिक यात्रा शुरू होगी। 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे। कपाट खुलने की यह धार्मिक परंपरा भारतीय तीर्थ यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर वर्ष चारधाम यात्रा को लेकर न केवल श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने मिलता है, बल्कि देशभर से लाखों श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा के लिए पंजीकरण भी करवाते हैं। हालिया दिनों में चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी के बहुत से तरीके सामने के बाद श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सचेत किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार चारधाम यात्रा संबंधित जालसाजी में नकली वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से विभिन्न सेवाएं देने का दावा करते हुए बुकिंग की जा रही है। श्रद्धालु सजग रहें, क्योंकि आस्थावान लोगों से धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले ठगों के ये सभी साइबर ठिकाने एकदम पेशेवर दिखते हैं। साथ ही सोशल मीडिया मंचों से लेकर गूगल जैसे सर्च इंजनों पर इनके भ्रामक विज्ञापन भी मौजूद हैं। दरअसल, चारधाम यात्रा से जुड़ी सेवाओं और सुविधाओं के आरक्षण के नाम पर यह धोखाधड़ी हो रही है। इस जालसाजी में हेलिकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के लिए होटल आरक्षण, ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग और धार्मिक पर्यटन पैकेजेज लेने की गतिविधियां शामिल हैं। देश एक हर हिस्से में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से सस्ती सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावों वाली यह जालसाजी और आसान हो जाती है, इसीलिए हर मोर्चे पर सजगता आवश्यक है। चारधाम की यात्रा में होने वाली साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए उत्तराखंड एसटीएफ ने एक टीम को तैनात किया है। बाकायदा न्यायालय से आदेश लेकर यह टीम फेसबुक और अन्य माध्यमों पर नजर रखने के साथ ही इन फर्जी वेबसाइटों को बंद भी करा रही है। समझना जरूरी है कि साइबर ठग नकली वेबसाइट और वर्चुअल मीडिया प्रोफाइल्स के माध्यम से श्रद्धालुओं की जाली बुकिंग कर देते हैं। बुकिंग के अनुसार बद्रीनाथ और केदारनाथ पहुंचने पर तीर्थयात्रियों को पता चलता है कि बुकिंग हुई ही नहीं है। ये मामले धन गंवाने के ही नहीं आस्था से भी खिलवाड़ करने वाले मामले हैं। यही वजह है कि कई नकली वेबसाइटों, विज्ञापनों तथा सोशल मीडिया खातों पर रोक भी लगाई जा रही है। नागरिकों की सुरक्षा और सहूलियत के लिए बरती जा रही सख्ती के बावजूद ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। ऐसी घटनाएं आर्थिक नुकसान ही नहीं श्रद्धालुओं ही सुरक्षा से भी जुड़ी हैं। एक ओर धन की ठगी होती है तो दूसरी ओर वहां पहुंचने पर कोई सुविधा न मिलने से कई कठिनाइयां सामने आती हैं। बड़े-बुजुर्गों के मामले में तो स्थितियां और भी चिंतनीय हो जाती हैं। जहां एक ओर तकनीकी विस्तार से पंजीकरण एवं आवश्यक जानकारियां जुटा पाना आसान हुआ है तो वहीं दूसरी ओर भ्रामक सूचनाओं और धोखाधड़ी के मार्ग भी खुल गए हैं। ऐसे में भुगतान के बाद सेवाएं न मिलने की जालसाजी से बचने के लिए सतर्कता आवश्यक है। श्रद्धालुओं को चाहिए कि किसी भी तरह की छूट का लालच देने वाले पोर्टल के बजाय आधिकारिक सरकारी पोर्टल से ही बुकिंग करवाएं। यात्रा से जुड़ी सुविधाओं के पंजीकरण के लिए विश्वसनीय संस्थाओं का चुनाव करना चाहिए। इतना ही नहीं भुगतान से पहले इनकी प्रामाणिकता की पुष्टि करना भी आवश्यक है। इस तरह की धोखाधड़ी से बचाव के लिए गूगल या किसी भी दूसरे सोशल मीडिया मंच पर कोई प्रायोजित या अज्ञात लिंक को खोलने से पहले सत्यापित किया जाना बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि इस मोर्चे पर पुलिस भी आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। चारधाम यात्रा को देखते हुए नैनीताल पुलिस द्वारा 'साइबर क्राइम एक, चेहरे अनेक' स्लोगन द्वारा उत्तराखंड के लोगों और यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को सजग किया जा रहा है। समझना मुश्किल नहीं है कि तीर्थयात्रियों की सतर्कता से ऐसे प्रशासनिक प्रबंध और प्रभावी साबित हो सकते हैं।



(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुक्ति के लिए पहले मोक्ष का मर्म समझें




संकलित

**दर्शन**

मन ही बंधन का कारण है, तो वही मोक्ष का माध्यम भी। पूरी दुनिया सदियों से मोक्ष यानी बंधन से मुक्ति का मार्ग तलाश रही है। पर, वेदांत सिद्धांत कहता है कि आत्मा ही शुद्ध है और यह संसार भ्रम। जो इस बात को समझने में सफल हो गया, उन्हें बंधन से मुक्ति का मार्ग भी मिल जाता है। मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयो' यानी मन ही तुम्हारे बंधन और मोक्ष का कारण होता है। मन से ही बंधन होता है और मन से ही मुक्ति होती है। बंधा कौन है? जो विषयों की आसक्ति में है। मुक्त कौन है? जिसका मन निर्विषय हो गया। सामान्य धारणा यही होती है कि मुक्ति का मतलब है कि दोबारा जन्म न हो। इसी संदर्भ में रवीन्द्रनाथ टैगोर कहते थे कि जब मैं प्रभु को प्यार करता हूं तो फिर प्रभु की सृष्टि को भी प्यार कैसे न करूं? एक बार नहीं, मैं तो हजारों बार इसी धरा पर जन्म लेना चाहूंगा। उस प्यार की जो सृष्टि है, वह भी प्यारी है। ऐसे ही एक ज्ञानी से किसी ने पूछा कि क्या आपको मुक्ति नहीं चाहिए? ज्ञानी ने कहा कि अगर मुक्ति का मतलब यह है कि जन्म नहीं होगा तो जाओ, मुझे तुम्हारी मुक्ति भी नहीं चाहिए। लोग अमूमन यही सोचते हैं कि संसार बुरी जगह है और यहां दोबारा पैदा न होना मुक्ति है। जबकि ज्ञानी की दृष्टि है कि विषय की आसक्ति न रहे, यही मुक्ति है। संसार असार है, यह जानना ही मुक्ति है। कबीर जी सारी जिंदगी बनारस में रहे और शरीर जाने का जब समय आया तो जाकर मगहर में बस गए। लोगों ने कहा, 'कबीर जी! क्या करते हो?

# क्रोध को वश में करने से जीवन सहज और सरल



संकलित

**प्रेरणा**

आमतौर पर, हम क्रोध या घृणा की ज्यादा परवाह नहीं करते, इसलिए यह सहजता से आ जाते हैं। परंतु यदि हम इन भावनाओं के विषय में सजग हो जाएं, तो हमारा क्रोध व घृणा के प्रति यह अनिच्छापूर्ण रुख ही उन्हें हमसे दूर रखने के लिए पर्याप्त होगा। घृणा के विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट और तुरंत दिखाई दे जाते हैं। उदाहरण के लिए, जब आपके अंदर घृणा का अत्यंत तीव्र भाव उत्पन्न होता है, तो उसी क्षण, वह आपके ऊपर पूरी तरह से हावी हो जाता है और आपकी मानसिक शांति को भंग कर देता है; आपकी बुद्धि काम करना बंद कर देती है। क्रोध और घृणा के तीव्र भाव आपके दिमाग के सबसे बेहतरीन हिस्से, यानी सही व गलत तथा आपके कार्यों के अल्पकालिक व दीर्घकालिक प्रभावों में अंतर करने की क्षमता को बिलकुल मिटा देते हैं। निर्णय लेने की योग्यता पूरी तरह निष्क्रिय हो जाती है। आप लगभग पागल जैसे हो जाते हैं। यह क्रोध और घृणा आपको दुविधा की स्थिति में डाल देते हैं, जिससे आपकी समस्याएं और परेशानियां और बढ़ जाती हैं। शारीरिक स्तर पर भी, घृणा से व्यक्ति में बहुत गंदा, अनाकर्षक शारीरिक बदलाव आ जाता है। क्रोध व घृणा के तीव्र भाव जाग्रत होने पर, व्यक्ति कितना भी अच्छा दिखने की कोशिश करे, उसका चेहरा भद्दा और विरूपित दिखाई देता है। घृणा की तुलना शत्रु से की जाती है। यह भीतरी दुश्मन नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं करता। यह हमारा पक्का दुश्मन, हमारा सबसे बड़ा शत्रु है।

## स्वर्ण मंदिर में रोशनी



अमृतसर में सोमवार को दस सिख गुरुओं में से दूसरे गुरु, गुरु अंगद देव की जयंती पर स्वर्ण मंदिर को रोशनी से सजाया गया।

## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी। *-सोहन कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड


### खिताब हासिल करने पर बधाई



भारतीय टीम को कुल 87 पदक जीतने और दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप में खिताब हासिल करने के लिए बहुत-बहुत बधाई। यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के समर्पण को दर्शाती है, जिन्होंने योग की समृद्ध विरासत को सम्मानित किया है।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### चिकित्सा आपूर्ति भेजी



हमारी संवेदनाएं ईरान में हुए दुखद विस्फोट से प्रभावित लोगों के साथ हैं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं। डब्ल्यूएचओ ने घायलों के इलाज के लिए आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति भेजी है।

**-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### हम पर टिप्पणी कर रहे



पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे देश में 140 करोड़ लोग हैं, लेकिन उनमें देशभक्ति की कमी है। यानी वो देश के लोगों को चुनौती दे रहे हैं। आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ने वाले गांधीजी की हत्या कर दी गई, लेकिन बीजेपी के लोग हम पर टिप्पणी कर रहे हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### रोबोट आगे निकल जाएंगे



रोबोट 5 साल के भीतर सबसे अच्छे मानव सर्जनों से भी आगे निकल जाएंगे। न्यूरालिंक को मस्तिष्क-कंप्यूटर इलेक्ट्रोड सम्मिलन के लिए रोबोट का उपयोग करना पड़ा, क्योंकि मनुष्य के लिए आवश्यक गति और सटीकता प्राप्त करना असंभव था।

**-एलोन मस्क, उद्योगपति**

## करंट अफेयर


# '3 इडियट्स' से चर्चा में आए लद्दाख के स्कूल को मान्यता



लद्दाख के पहाड़ों में स्थित और 'रैंचो स्कूल' के नाम से मशहूर ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार अपनी स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बाद सीबीएसई से मान्यता मिल गई है। कई वर्षों के विलंब और अस्वीकृतियों के बाद यह मान्यता दी गई। वर्ष 2009 में आमिर खान अभिनीत फिल्म '3 इडियट्स' से प्रसिद्धि पाने वाला यह स्कूल अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (जेकेबीओएसई) से संबद्ध था। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पारंपरिक 'रटंत शिक्षा' से हटकर नवीन शिक्षण तरीकों से पढ़ाई पर जोर देने के लिए सुधारों का प्रस्ताव किए जाने से बहुत पहले ही अपने नवीन शिक्षण तरीकों के लिए मशहूर यह स्कूल अब कक्षा 12 तक विस्तार करने की योजना बना रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य मिंगुर आंगमो ने कहा, कई वर्षों की देरी के बाद हमें आखिरकार सीबीएसई से मान्यता मिल गई है और कक्षा 10 के हमारे पहले बैच के छात्र अब अपने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट परिणाम रिकॉर्ड और शिक्षण एवं सीखने के अभिनव तरीके होने के बावजूद इन वर्षों में कई प्रयासों के बाद भी हमें जेकेबीओएसई से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिली।

## ऑफ बीट

# लिथियम- आयन बैटरी की चुनौतियां कोई कम नहीं



लिथियम-आयन बैटरी दुनिया के बड़े हिस्से को बिजली दे रही हैं। इसका इलेक्ट्रिक वाहन और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों में भी इस्तेमाल होता है। बैटरी से लोगों के ऊर्जा भंडारण और इस्तेमाल के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है। लेकिन जैसे-जैसे ये बैटरी दैनिक जीवन का हिस्सा बनती जा रही हैं, वैसे-वैसे इनके प्रबंधन और ऊर्जा को सुरक्षित, कुशलतापूर्वक और विवेकपूर्ण ढंग से संग्रहीत करने की चुनौतियों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। लिथियम-आयन बैटरी को दोबारा रिजार्च किया जा सकता है। बैटरी सरल लग सकती हैं, लेकिन वे उतनी ही जटिल हैं, जितना कि वास्तविक दुनिया में लोग इनका इस्तेमाल करने के लिए सोचते हैं। मूलतः लिथियम-आयन बैटरी दो विद्युत ध्रुवों या इलेक्ट्रोड के बीच लिथियम तत्व के आवेशित कणों, जिन्हें आयन कहते हैं, की गति पर निर्भर करती हैं। ये बैटरी कितनी ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और कितनी अच्छी तरह काम करती हैं, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें तापमान और बैटरी की भौतिक संरचना शामिल है। दुनियाभर में, शोधकर्ता इनमें से प्रत्येक कारक के बारे में अलग-अलग और एक-दूसरे के साथ मिलकर सवालों के जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ शोध बैटरी के खराब होने की गणना करने पर केंद्रित हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को मिला पद्मश्री पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को यह सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था। अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास का एलान किया था। फिलहाल वह जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2022 में वह साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे।

### दो बार ओलंपिक पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीजेश



हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को मिला पद्म विभूषण।

### भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं अश्विन



क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को मिला पद्म श्री सम्मान।

### सुशील कुमार मोदी और पंकज उदास को मरणोपरांत पद्म भूषण

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी जेसी सुशील मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। इसके अलावा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित एवं योग शिक्षा में अग्रणी, कुवैत की शेखा शेखा अली अल-जबर अल-सबा को चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। एक्टर और आंध्र प्रदेश के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण को कला क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

---

## जयपुर में 'संविधान बचाओं रैली' में खरगे का मोदी पर हमला

# बिहार में चुनावी भाषण दे सकते हैं, पर पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक में वे नहीं आ सकते

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने इसे देश की बदकिस्मती बताते हुए कहा कि मोदी बिहार में चुनावी भाषण देते हैं, लेकिन दिल्ली में हो रही सर्वदलीय बैठक में नहीं आ सकते, यह शर्म की बात है।

कांग्रेस अध्यक्ष राजस्थान के जयपुर में 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित कर रहे थे।खरगे ने अपने भाषण की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की और कहा कि राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर जाकर पहलगाम हमले में घायल हुए लोगों से मुलाकात की, लेकिन मोदी न तो सर्वदलीय बैठक में आए और न ही कश्मीर गए। उन्होंने मोदी के '56 इंच की छाती' और 'घर में घुसकर मारूंगा' जैसे बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी बातों के बजाय उन्हें बिहार से आकर दिल्ली में बैठक में शामिल होना चाहिए था और देश को अपनी योजना के बारे में बताना चाहिए था।

भाजपा मंत्री पीयूष गोयल के 'देश में देशभक्ति की कमी' वाले बयान पर भी कांग्रेस अध्यक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पीयूष गोयल देश के लोगों पर सवाल उठा रहे हैं कि हमारे पास देशभक्ति की कमी है। उन्होंने कहा कि आजादी के लिए लड़ने वाले गांधी जी की हत्या हुई, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता के लिए अपनी जान दी। अगर उनमें देशभक्ति की कमी होती, तो क्या वे ऐसा करते। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए पूछा कि क्या उसके पास देश के लिए इतने बड़े बलिदान का कोई रिकॉर्ड है।

खरगे ने आरएसएस पर भी निशाना साधते हुए पूछा कि विभिन्न शहरों में करोड़ों की संपत्ति खड़ी करने के लिए उसके पास पैसा कहां से आया।? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी का कोई कार्यक्रम होता है तो उसके कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने रायपुर अधिवेशन का आयोजन किया तो ईडी ने उसके नेताओं पर छापेमारी शुरू कर दी। अहमदाबाद अधिवेशन के सफल समापन के बाद ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। भाजपा को जैसे ही लगता है कि कांग्रेस मजबूत हो रही है, वह जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर उसे दबाने की कोशिश करने लगती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस ऐसे दबाने वाली नहीं है।



### कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा की सरकार को बताया कमजोर

कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को कमजोर बताते हुए कहा कि वह चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की बैसाखी पर खड़ी है। जैसे ही कोई बाहर निकलने का फैसला करेगा, सरकार गिर जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के कथित झूठे वादों को भी गिनाया।हिंदू समाज को एकजुट करने के भाजपा के कथित दावों की पोल खोलते हुए खरगे ने राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली के मंदिर में पूजा करने के बाद भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा उस मंदिर को गंगाजल से धोने की घटना का जिक्र किया। उन्होंने भाजपा से पूछा, अगर हिंदू एक हैं, तो वह दलितों को क्यों अपमानित कर रही है। उन्होंने राजस्थान में बिगड़ती कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि एक महीने में तीन दलितों की हत्या हुई, लेकिन पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई।इस दौरान खरगे ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर पर की गई कथित अपमानजक टिप्पणी का भी जिक्र किया।संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विपक्ष के नेता टीकाराम जूली, सीपी जोशी समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

### कहा, टेल तक पानी पहुंचने से पहले ही बंद हो जाएंगी नहरें

## हरियाणा में गहराएगा पेयजल संकट, नहरों की साफ-सफाई अधर में: कुमारी सैलजा

**नई दिल्ली** । सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के कुछ जिलों में पेयजल संकट गहरा रहा है। सिरसा, फतेहाबाद, सोनीपत, झज्जर, जींद, हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़-नारनौल जैसे जिले में हालात गंभीर चले हुए है। पिछले दिनों भाखड़ा नांगल बांध से पंजाब की ओर से नहरों में पानी छोड़ दिया गया है लेकिन इस पानी की समय सीमा कम है ऐसे में टेल तक पानी पहुंचने से पहले ही नहर बंद हो जाएगी। अगर सरकार ने पहले ही नहरों की साफ सफाई और उनकी मरम्मत पर ध्यान दिया होता तो अंतिम छोर पर भी पानी पहुंच गया होता। दूसरे सरकार को पीने के पानी के साथ साथ सिंचाई के लिए भी व्यवस्था करनी चाहिए थी। ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 800 रुपए तक में एक टैंकर पानी खरीदने को लोग मजबूर हैं।

सैलजा ने 27 मार्च को सिरसा जिले, विशेषकर ऐलनाबाद-रानियां क्षेत्र के गांवों में उत्पन्न हो रही पीने के पानी की गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि सिरसा जिले को पानी आपूर्ति करने वाली नहरों की सफाई और मरम्मत कराई जाए ताकि ग्रामीण



क्षेत्रों में जल संकट न उत्पन्न हो। सैलजा ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देने के बावजूद नहरों की न तो समय पर सफाई करवाई गई, न मरम्मत कराई गई, और अब नहरों में कुछ दिन के लिए पानी छोड़ा गया है पर वह जब तक टेल पर पहुंचेगा नहर बंद कर दी जाएगी। ऐसे में सिरसा जिले के सैकड़ों गांवों में पीने के पानी का भयंकर संकट खड़ा हो सकता है। सैलजा ने कहा कि प्रदेश के 14 जिले अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, हिसार, झज्जर, भिवानी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, सिरसा, सोनीपत, पानीपत और जींद जिले डार्क जोन में हैं, यानि पानी का स्तर बहुत कम हो गया है। हरियाणा में नहरों और ट्यूबवेलों से पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन अब पानी की कमी के कारण लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, कई गांवों में पेयजल की समस्या गंभीर है।

### 16वें वित्त आयोग ने की मुख्यमंत्री सैनी और आला अधिकारियों के साथ बैठक

## हरियाणा के वित्त प्रबंधन व भविष्य के रोडमैप पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और सदस्यों ने सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री, जिनके पास वित्त मंत्री का प्रभार भी है, ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य के वित्तीय मामलों और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में हरियाणा के आर्थिक ढांचे से संबंधित वित्तीय मुद्दों का समाधान और संसाधनों के आवंटन को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री सैनी के मार्गदर्शन में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल तथा और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक पंकज ने वर्ष 1966 से लेकर हरियाणा के भारत के आर्थिक ढांचे में प्रमुख योगदानकर्ता बनने तक की यात्रा पर एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। इस प्रस्तुति में हरियाणा के मजबूत आर्थिक प्रबंधन और भविष्य के लिए रोडमैप को रेखांकित किया गया।

राज्य के आर्थिक प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते हुए आयोग को अवगत कराया गया कि वर्ष 2024–25 के लिए हरियाणा का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 6,77,033 करोड़ रुपए अनुमानित है। देश में प्रमुख राज्यों में हरियाणा 3,53,182 रुपए प्रति व्यक्ति आय के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने राज्य में सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की है।

### हरियाणा प्रति व्यक्ति आय के मामले में दूसरे स्थान पर

समावेशी विकास के प्रति हरियाणा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए आयोग को अवगत कराया गया कि राज्य ने गरीबी रेखा से नीचे परिवारों की पहचान हेतु वार्षिक आय सीमा 1.80 लाख रुपए निर्धारित की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, आयुष्मान भारत और चिरायु स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत हरियाणा की 61.84 प्रतिशत जनसंख्या यानी 47 लाख परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का कवरेज प्राप्त हो चुका है। आयोग को अवगत कराया गया कि केंद्र से कम हिस्से (सेंट्रल डेवल्यूशन) के बावजूद राज्य का राजकोषीय घाटा और देनदारियां वित्त आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के भीतर ही रही है। वर्ष 2024-25 में भारत के कुल जीएसटी संग्रहण में योगदान के मामले में हरियाणा पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा, प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रहण में हरियाणा प्रमुख राज्यों में पहले स्थान पर है। हरियाणा की वित्त प्रबंधन और कर प्रशासन व्यवस्था उल्लेखनीय है। आयोग को जानकारी दी गई कि सतत विकास लक्ष्यों के भारत सूचकांक में हरियाणा ने 'परफॉर्मर' श्रेणी से 'फ्रंट रनर' श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है और वर्ष 2023–24 में राष्ट्रीय स्तर पर 13वां स्थान हासिल किया है।

---

### खबर संक्षेप

#### मशहूर रैपर हाइब्रिड गांजे के साथ गिरफ्तार

**कोच्चि**। केरल पुलिस की एक्साइज टीम ने कोच्चि में छापेमारी कर मशहूर मलयालम



फिल्म डायरेक्टर खालिद रहमान,अशरफ हमजा और शालिफ मोहम्मद को हाईब्रिड गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।रैपर वेदान की मुश्किलें बढ़ गई हैं क्योंकि उनके फ्लैट से गांजा बरामद हुआ है। कोच्चि व्हाइट हिल पुलिस सुबह करीब 10 बजे पहुंची।

#### सिलेंडर से आग, 80 झुग्गियां जलकर राख

**लखनऊ**। यहां सोमवार को सिलेंडर से लगी आग से एक के बाद एक करीब 80 झुग्गियां चपेट



में आ गईं। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली। आग की लपटों से सड़क के दूसरे ओर बने एक घर का भी कुछ सामान जल गया। इससे दहशत फैल गई। लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ गए। कुछ लोग छतों पर चढ़ गए। घटना फैजुल्लागंज थाना क्षेत्र के श्याम विहार की है।

## खाद-बीज और सिंचाई के लिए पानी की ली जानकारी

### चौहान ने नैफेड व एनएचबी के कार्यों की भी समीक्षा की, गेहूं के बफर स्टॉक पर खुशी जताई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में कृषि भवन, नई दिल्ली में साप्ताहिक समीक्षा के साथ ही नैफेड व राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अधिकारियों के बैठक की। चौहान ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से फसलों की कटाई, बुआई, उपार्जन, उर्वरक, खाद-बीज की उपलब्धता, मौसम व सिंचाई के लिए जलाशयों आदि की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने उपज के थोक व खुदरा मूल्यों के बारे में समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

चौहान ने विभिन्न फसलों की पैदावार अच्छी होने की संभावना को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे किसानों को तो लाभ हो ही और फसलों की पूरी खरीद हो। ग्रीष्मकालीन बुआई के मौसम के लिए 27 अप्रैल तक धान की बुआई में पिछले वर्ष की तुलना में 9.23 लाख हेक्टेयर की वृद्धि दर्ज की गई है। नैफेड के अधिकारियों ने चावल और गेहूं के बफर स्टॉक की जानकारी भी दी। गेहूं का वास्तविक स्टॉक 74.60 एलएमटी के बफर मानक के मुकाबले 117.94 एलएमटी था। चावल का वास्तविक स्टॉक 135.80 एलएमटी के बफर मानक के मुकाबले 382.09 एलएमटी था। चावल और गेहूं का वास्तविक स्टॉक 210.40 एलएमटी के बफर मानक के मुकाबले 500.03 एलएमटी था। सिंह ने गेहूं के बफर स्टॉक में वृद्धि पर खुशी जताई। चौहान ने निर्देश दिए कि ऐसे प्रयास करें जिससे उपभोक्ताओं चीजें सस्ती मिलें और किसान को भी ज़्यादा दाम मिल सकें।

### विद्यार्थियों के लिए खुशखबर

## अब रेलवे एग्जाम हॉल में मंगलसूत्र और जनेऊ के साथ मिलेगा प्रवेश

### विवाद बढ़ने के बाद विभाग ने बदला फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों ने रेलवे भर्ती बोर्ड की नर्सिंग अधीक्षक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र और जनेऊ उतार कर परीक्षा भवन में प्रवेश करने संबंधी निर्देश पर सोमवार को कड़ी आपत्ति जताई, जिसके तुरंत बाद फैसले को वापस ले लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने अब स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश करने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ जैसे धार्मिक प्रतीकों को उतारने की आवश्यकता नहीं होगी। रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने स्पष्ट किया कि रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों पर पाबंदी नहीं रहेगी।

#### धार्मिक भावनाओं का सम्मान होना चाहिए

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि यह परीक्षा मंगलवार को मंगलुरु के बॉन्डेल में मनैल श्रीनिवास नायक बेसेंट विद्या केंद्र में आयोजित की जाएगी। शुरुआत में, प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों को परीक्षा देने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ उतारने का निर्देश दिया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया

## अश्लील कंटेंट पर ओटीटी और सोशल मीडिया कंपनियां जवाब दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी किया है। यह कदम एक जनहित याचिका पर उठाया गया है इसमें मांग की गई है कि ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री के प्रसारण को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि याचिका ने महत्वपूर्ण चिंता का मुद्दा उठाया है। कोर्ट ने नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम, ऑल्ट बालाजी, उल्लू, एएलटीटी, एक्स, मेटा इंक (फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी), गूगल, मुबी, एप्पल और अन्य से इस विषय पर जवाब मांगा है। यह याचिका उदय माहुरकर, संजीव नेवर, सुदेशना भट्टाचार्य मुखर्जी, शताब्दी पांडे और स्वाति गोयल ने मिलकर दायर की है।



### जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

अनर्गल प्रसारण को रोकने के लिए उचित कदम उठाने को कहा

#### नियमित कार्यक्रमों में भी गंगे कंटेंट परोसे जा रहे: विष्णु शंकर

याचिकाकर्ताओं के वकील विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री बिना किसी नियमन या जांच के प्रसारित हो रही है। इस पर केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अश्लील कंटेंट केवल कुछ विशेष कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि कई नियमित कार्यक्रमों में भी इस तरह की सामग्री मौजूद है। उन्होंने कहा कि कुछ कार्यक्रम इतने विकृत हैं कि दो सभ्य पुरुष भी साथ बैठकर इन्हें नहीं देख सकते। उन्होंने जानकारी दी कि कुछ नियंत्रण पहले से मौजूद हैं और कुछ और नियमों पर काम हो रहा है।

#### केंद्र सरकार इस पर विचार करे

*सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि यह याचिका ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, अश्लील और अभद्र सामग्री के प्रदर्शन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण चिंता को उठाती है। कोर्ट ने माना कि याचिका में उठाए गए मुद्दे नीति निर्माण के दायरे में आते हैं और यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस पर विचार करे।*

#### राष्ट्रीय सामग्री नियंत्रण प्राधिकरण बनाया जाए

याचिका में कहा गया है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम, उल्लू, एएलटीटी पर अत्यधिक आपत्तिजनक सामग्री आज भी उपलब्ध है, जो बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा का उल्लंघन करती है। पोर्नोग्राफिक, अश्लील और यौन विकृत सामग्री की भरमार के कारण अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। इस पर एक राष्ट्रीय प्राधिकरण बनाया जाना चाहिए।

### मंदिर को खोलने की तैयारियां जोरों पर

## चार धाम यात्रा के लिए तैयारियां पूरी, आज यहां निकलेगी डोली

**देहरादून**। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 2025 के लिए केदारनाथ मंदिर को खोलने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस आयोजन से पहले होने वाले अनुष्ठानों के तहतसोमवार को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति



को औपचारिक रूप से मंदिर के लिए रवाना किया गया। सबसे पहले उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चार धाम यात्रके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट 30 अप्रैल को खुलेंगे। केदारनाथ धाम 2 मई को जबकि बद्रीनाथ धाम 4 मई को खुलेंगे। डोली मंगलवार 29 अप्रैल को फाटा के लिए रवाना होगी। बुधवार 30 अप्रैल को गौरीकुंड के लिए प्रस्थान करेगी। गुरुवार को केदारनाथ धाम पहुंचने की उम्मीद है। केदारनाथ मंदिर के कपाट 2 मई को सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे।

## डीसीबी बैंक के लाभ में 14 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के ऋणदाता डीसीबी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 177 करोड़ रुपये हो गया। समान अवधि में 155.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। 2024-25 की मार्च तिमाही में इसकी कुल आय सालाना आधार पर 1,581 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,961 करोड़ रुपये हो गई। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 2.99 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले की इस अवधि में 3.23 प्रतिशत थी। बैंक का शुद्ध एनपीए 1.12 प्रतिशत हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.11 प्रतिशत था। बैंक के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 1.35 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# रेस्तरां को बताना होगा, व्यंजन में बिना दूध के पनीर का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होटल और रेस्तरां को जल्द ही यह बताना पड़ सकता है कि वे ग्राहकों को परोसे जाने वाले किन व्यंजनों में दूध से बने पनीर की जगह गैर-डेयरी उत्पादों से तैयार पनीर का उपयोग करते हैं। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करने पर विचार कर रहा है।

- एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने नियम अनिवार्य किया

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने के लिए पनीर बनाने वालों के लिए एनालॉग पनीर को 'गैर-डेयरी' के रूप में लेबल करना पहले ही अनिवार्य कर दिया है।

### उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जारी किया दिशानिर्देश

#### पनीर के नाम पर नकली पनीर न बेचे

खरे ने कहा कि प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि व्यंजनों में पारंपरिक पनीर है या गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनी (एनालॉग) पनीर है और उसी के अनुसार उनकी कीमत तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''पारंपरिक पनीर के नाम पर वनस्पति तेल जैसे गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर नहीं बेचना चाहिए।'



#### एनालॉग पनीर अधिक लोकप्रिय

गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर काफी लोकप्रिय हुआ है, क्योंकि इसकी कीमत दूध से बने पनीर से लगभग आधी है, जबकि इसका स्वाद और बनावट समान है। पारंपरिक पनीर नींबू के रस या सिरके जैसे एसिड को ताजा दूध में डालकर बनाया जाता है, जबकि एनालॉग पनीर आमतौर पर इमल्सिफायर, स्टार्च और वनस्पति तेल से बनता है।

#### नियम रेस्तरां में तैयार भोजन पर लागू नहीं होते

ये नियम वर्तमान में रेस्तरां में परोसे जाने वाले तैयार भोजन पर लागू नहीं होते हैं। एफएसएसएआई के नियमों के अनुसार, एनालॉग पनीर एक ऐसा उत्पाद है जिसमें दूध के घटकों को या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से गैर-डेयरी सामग्री से बदल दिया जाता है, हालांकि, अंतिम उत्पाद पारंपरिक डेयरी आधारित पनीर की तरह ही लगता है।

*एनालॉग पनीर सस्ता है : उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया, ''एनालॉग पनीर दिखने और स्वाद में पारंपरिक पनीर जैसा होता है, लेकिन यह पनीर नहीं है। एनालॉग पनीर सस्ता है। होटल और रेस्तरां उपभोक्ताओं को इसके बारे में क्यों नहीं बताते हैं।'*

## रिलायंस एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा उछला, निफ्टी 24,300 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विश्लेषकों के मुताबिक, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुआ तनाव भी बाजार की सकारात्मक धारणा पर कोई असर नहीं डाल पाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,005.84 अंक उछलकर 80,218.37 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 289.15 अंक बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की जम कर खरीदी
- दो दिनों की गिरावट से बाजार उबरने में सफल रहा
- भारत व पाक का तनाव बाजार की धारणा पर प्रभाव नहीं डाल पाया

*रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 1,006 अंक और निफ्टी में 289 अंकों की जोरदार तेजी दर्ज की गई।*

### रिलायंस में 5.27 फीसदी की जोरदार तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने इस तेजी में शिरकत की। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.27 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ सेंसेक्स शेयरों में सबसे अधिक लाभ में रही।

### अधिग्रहण की खबर से महिंद्रा में तेजी

इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में भी 2.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एसएमएल इसुजु का 555 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा से महिंद्रा के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जबकि एसएमएल इसुजु लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई।

### रिलायंस के नतीजों से बदली धारणा

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू बाजार ने पिछले सप्ताह के आखिरी दो दिनों में हुए नुकसान की भरपाई कर ली है, जो सीमा पर तनाव के कारण हुआ था। एफआईआई की ओर से लगातार खरीदारी और रिलायंस के बेहतर नतीजों ने भी निवेशकों की धारणा को बढ़ावा दिया।



### एफआईआई ने किया जमकर निवेश

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,952.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में 17,425 करोड़ रुपये का निवेश किया। अनुकूल वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू वृहद-आर्थिक आंकड़ों के साथ एफआईआई का निवेश बढ़ा है।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

इसके अलावा सन फार्मा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

### यूरोप के बाजारों में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सूचकांक और जापान का निक्की 225 बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## भारत – स्मार्ट बाज़ार की ''फुल पैसा वसूल सेल'' शुरू

**मुंबई।** तैयार हो जाइए, भारत – स्मार्ट बाज़ार की फुल पैसा वसूल सेल आ गई है! स्मार्ट बाज़ार की सबसे प्रतीक्षित सेल वापस आ गई है और यह पहले से कहीं ज़्यादा बड़ी, बोल्ड और बेहतर है! स्मार्ट बाज़ार फुल पैसा वसूल सेल 30 अप्रैल से 4 मई तक देशभर के स्टोर्स पर उपलब्ध है। देशभर में 930 से ज़्यादा स्टोर्स के साथ स्मार्ट बाज़ार पूरे देश में धूम मचाने के लिए तैयार है! किराने के सामान, फ़ैशन, होमकेयर, अप्लायंस और बहुत कुछ। खरीदारी के लिए तैयार हो जाइए जो अधिकतम बचत और पूर्ण संतुष्टि का वादा करती है। तो, अपने कैलेंडर पर निशान लगाएँ, अपनी शॉपिंग लिस्ट लेकर आएँ, "हमारा नारा, फुल पैसा वसूल करेगा इंडिया सारा!" रिलायंस रिटेल के सीईओ दामोदर मॉल – वैल्यू फॉर्मेट ने कहा, ''हम सभी को सेल इवेंट पसंद हैं और स्मार्ट बाज़ार की फुल पैसा वसूल सेल हर किसी के शॉपिंग कैलेंडर पर सबसे बड़ी सेल में से एक है। इस साल, हमारे अनुभवी खरीदारों को पाँच अविस्मरणीय दिनों में कुछ अविश्वसनीय रूप से बड़े ऑफ़र मिलेंगे। हमारा उद्देश्य सरल है, हर खरीदार अधिक मूल्य, बड़ी बचत और अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर जाए'' यहाँ कुछ ऐसे डील्स की झलक दी गई है जो आपको चौंका देंगे: 5 किलो चावल + 3 लीटर तेल – सिर्फ़ रु. 799* बादाम 500 ग्राम – रु.419 । काजू 500 ग्राम – रु. 439*, बिस्किट – 2 खरीदें, 1 मुफ़्त पाएँ। डिटर्जेंट – कम से कम रु. 250 की छूट, बेडशीट में 70 प्रतिशत की छूट, एरिस्टोक्रेट 2 पीस हार्ड ट्रॉली + डफ़ल बैग – रु.3999 फ़ैशन – रु. 399 से कम में 2000+ स्टाइल! चाहे ज़रूरी सामान खरीदना हो या अपने वॉर्डरोब और घर को चमकाना हो - स्मार्ट बाज़ार आपकी बचत के लिए वन-स्टॉप शॉप है जो पीछे नहीं हटती।

## चीन ने अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी शुल्क को नकारा

**बीजिंग।** चीन के नेताओं ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध के संभावित प्रभाव को कमतर आंकते हुए कहा कि उनके पास नौकरियों की रक्षा करने और चीनी निर्यात पर उच्च शुल्क से होने वाले नुकसान को सीमित करने की क्षमता है। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन किए। इनमें की गईं बातों से प्रतीत होता है कि सरकार का मकसद कंपनियों तथा बेरोजगारों का समर्थन करना, आसान ऋण शर्तों और चीन से अमेरिकी आयात पर 145 प्रतिशत तक के शुल्क के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अन्य नीतियों के वादों के साथ विश्वास को बढ़ाना है।

## वोडाफोन आइडिया की पटना, चड़ीगढ़ में 5जी सेवाएं शुरू

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने चंडीगढ़ और पटना में 5जी सेवाएं शुरू करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी की मई में इसे दिल्ली और बेंगलुरु में शुरू करने की योजना है। कंपनी की विज्ञप्ति के अनुसार, मार्च में मुंबई में दूरसंचार कंपनी के 5जी की पेशकश के बाद इसका चंडीगढ़ और पटना में विस्तार किया गया। मुंबई में 70 प्रतिशत से अधिक पात्र उपयोगकर्ता नई सेवा का अनुभव कर रहे हैं। कुल उपयोगकर्ताओं में इनकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। वीआईएल ने कहा कि सोमवार से चंडीगढ़ और पटना में 5जी 'डिवाइस' का उपयोग करने वाले उसके ग्राहकों को यह सेवा उपलब्ध हो जाएगी। मई में इसे दिल्ली और बेंगलुरु में भी शुरू किया जाएगा। उपयोगकर्ता 299 रुपये से शुरू होने वाली योजनाओं पर असीमित 5जी डेटा का आनंद ले सकते हैं।

## औद्योगिक उत्पादन मार्च में मासिक आधार पर 3% बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी में मासिक आधार पर मामूली रूप से बढ़कर मार्च 2025 में तीन प्रतिशत हो गई, जो इससे पहले फरवरी में 2.7 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, मार्च में वार्षिक आधार पर वृद्धि घटी है। मार्च 2024 में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत था। सालाना आधार पर विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में आईआईपी में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो चार साल का निचला स्तर है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित कुमार जैन, पुत्र श्री अनिल कुमार जैन निवासी मकान नंबर बीई–402, गली नंबर 07, हरि नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 153/23 U/S 174A IPC, अन्तर्गत थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 153/23 U/S 174A IPC, अन्तर्गत थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित कुमार जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री शशांक नंदन भट्ट**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02**
**कमरा संख्या 356, तीसरी मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5285/WD/2025(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष, पुत्रः रमेश, पताः 1) म. नं. एल–104, सेवा नगर, दिल्ली, 2) के–63, पुरानी चुन्नी क्वार्टर, गांव अलीगढ़, जीवन गढ़, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 511/2015, U/s 457/380/34 IPC, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 511/2015, U/s 457/380/34 IPC, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अभियुक्त **आशीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर, कमरा नं. 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4915/NW/2025**


## सोना 1,000 रुपए टूटकर 98,400 रुपए प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने से निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी है, जिससे सराफा जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की मांग कम हुई है। शुक्रवार को चीन ने घोषणा की कि वह अपने 125 प्रतिशत शुल्क से कुछ अमेरिकी आयातों को छूट देगा। हालांकि उसने इस बात से इनकार किया कि कोई औपचारिक व्यापार वार्ता चल रही है। इस बीच, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों ने संकेत दिया कि उन्हें मौद्रिक नीति को समायोजित करने की तत्काल आवश्यकता नहीं दिखती है, इसके बजाय उन्होंने ट्रंप प्रशासन के शुल्क के आर्थिक प्रभाव की निगरानी करने का विकल्प चुना है। इस आक्रामक रुख से पता चलता है कि ब्याज दरों में कटौती निकट भविष्य में नहीं हो सकती है। इससे सोने पर और दबाव पड़ेगा। आमतौर पर ब्याज दरों के ऊंचे रहने पर मांग प्रभावित रहती है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के कारण शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार बंद रहे। इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमतें भी 1,400 रुपये गिरकर 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर 'एटरनल ओएसिस' नामक नया सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र शुरू हुआ

**गुरुग्राम।** नवाचार और वैश्विक प्रभाव के लिए प्रसिद्ध शहर गुरुग्राम में एक नया और अद्वितीय केंद्र 'एटरनल ओएसिस' की शुरुआत हुई है — यह एक ऐसा स्थान है जो आंतरिक शांति, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और आध्यात्मिक विकास को समर्पित है। प्रतिष्ठित गोल्फ कोर्स रोड पर स्थित यह केंद्र 1 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है और आत्मिक विकास, कला, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है।यहाँ संगीत की सराहना, आर्ट थेरेपी, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, गुस्से पर नियंत्रण, संबंधों की समझ और माइंडफुलनेस जैसे विषयों पर वर्कशॉप्स आयोजित की जाएंगी। 'एटरनल ओएसिस' का उद्देश्य भारत में एक आध्यात्मिक शक्ति केंद्र बनना है।तीन मंज़िला विशाल केंद्र में बहुपयोगी सुविधाएं, कलाकारों और साधकों के लिए बना नया आकर्षणगुरुग्राम के 'एटरनल ओएसिस' केंद्र की तीन मंज़िला इमारत आधुनिकता और परंपरा का सुंदर संगम है। इस केंद्र में 3 बड़े बहुप्रयोगी हॉल, एक भव्य आर्ट गैलरी, 30 गेस्ट रूम और प्रदर्शनी, कॉन्फ्रेंस, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और इंटरैक्टिव वर्कशॉप्स के लिए अनुकूल लचीली जगहें शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने विशेष मॉड्यूल शुरू करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

**गुरुग्राम।** के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने एमबीए-फिनटेक और बीबीए-बिजनेस एनालिटिक्स में विशेष मॉड्यूल शुरू करने के लि रणनीतिक शैक्षणिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य पाठ्यक्रम में उद्योग प्रथाओं को एकीकृत करना है,' छात्रों को वर्तमान व्यावसायिक रुझानों के साथ सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक विशेषज्ञता प्रदान की जा सके।यह साझेदारी छात्रों को फिनटेक और एनालिटिक्स में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता और व्यावहारिक से लैस करेगी। अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) इंडिया की डोमेन विशेषज्ञता छात्रों को लाइव बिजनेस संदर्भों में अवधारणाओं को और लागू करने में सक्षम बनाएगी। पाठ्यक्रम अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक अनुभव के साथ पढ़ाया जाएगा।साझेदारी पर प्रकाश डालते हुए, के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के निदेशक, श्री रोहित गुप्ता ने कहा, इस तरह के सहयो और उद्योग के बीच की खाई को पाटने के लिए अभिन्न अंग हैं। अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) इंडिया की गहन डोमेन विशेषज्ञता हमारे छात्र लाइव व्यावसायिक संदर्भों में फिनटेक और एनालिटिक्स अवधारणाओं को समझने और लागू करने के लिएख रूप से तैयार होंगे, जिससे वे पहले दिन से ही उद्योग के लिए तैयार हो जाएंगे।



## एचएलएल ने अपने किफायती फार्मेसी नेटवर्क अमृत को दिया नया रूप; पूरे भारत में विस्तार की योजना


**नई दिल्ली।** अपने हीरक जयंती वर्ष को चिहिनत करने और अमृत पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में एक रणनीतिक कदम उठाते हुए, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड ने अपनी प्रमुख किफायती फार्मेसी श्रृंखला, अमृत (उपचार के लिए किफायती दवाएं और विश्वसनीय प्रत्यारोपण **AMRIT**) फार्मेसियों के लिए एक नई दृश्य पहचान पेश की है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि पलवल सह. चीनी मिल्स लि. पलवल | फ्लो मीटर्स और पायजोमैट्रिक वैल को खरीद हेतु निविदा + 19 कार्य। | 26.04.2025 02.05.2025 | 8.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8307653970 palwalsugarmill@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34265/I/88/7 दि. 28.04.25


## शब्द पहेली - 5851




**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5850 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | खत | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | वे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| ई | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | बि |
| र्स | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |





# लिवरपूल ने 20वीं बार जीता प्रीमियर लीग का खिताब, रिकॉर्ड की बराबरी

## एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 रौंदा



**लाल रंग की जर्सी से पटा स्टेडियम**

टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिए थे, जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से बराबरी दिला दी।

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की।

डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किए गोल से पिछड़ने के बावजूद लिवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया। लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी। डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए।

**2 मैच पहले हुआ चैंपियन का फैसला**

### 34 मैचों में 84 अंक

जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लिवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
443 रन
बेंगलुरु

**पर्पल कैप**



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप

### अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट 29 से

**चंडीगढ़।** वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन यहां 29 अप्रैल से छह मई तक होगा जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। 'एयर मार्शल' एस शिवकुमार ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश की वायु सेना हॉकी टीम टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों में से एक होगी। इसमें भाग लेने वाली अन्य टीमों में भारतीय वायु सेना, चंडीगढ़ एकादश, पंजाब एवं सिंध बैंक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सेना एकादश, भारतीय नौसेना, भारतीय रेलवे और रेल कोच फैक्ट्री शामिल हैं। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को तीन लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।




### द.अफ्रीका के खिलाफ भारत की भिड़ंत आज

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय बनाये रखने की होगी। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की। टीम ने इस मैच के दौरान तीनों विभागो में अपना दबदबा कायम किया।



### राहुल को चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करनी चाहिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर केविन पीटरसन का मानना है कि लोकेश राहुल अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के साथ विकेटकीपिंग करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में राहुल की बल्लेबाजी को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठते रहे हैं लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे हैं।



## आईपीएल में शतक लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर बने सूर्यवंशी

# वैभव की रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी से राजस्थान ने गुजरात को हराया

एजेंसी ▶▶| जयपुर

चौदह बरस के 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढते हुए आईपीएल में शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए और एक ऐसी पारी खेली जो क्रिकेटप्रेमियों को बरसों याद रहेगी और जिसके आगे मैच का नतीजा बेमानी हो गया। उनकी इस पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हराकर आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी है। जीत के लिये 210 रन का लक्ष्य रॉयल्स ने 25 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। आईपीएल शुरू होने के तीन साल बाद 2011 में पैदा हुए बिहार के समस्तीपुर के सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शतक जमाया जो क्रिस गेल (आरसीबी) की 30 गेंद





की पारी के बाद आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक है। उसकी उम्र के बाकी बच्चे जहां स्कूलों के होमवर्क करने या प्ले स्टेशन पर खेलने में व्यस्त होंगे, वहीं बायें हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी 141 टेस्ट का कुल अनुभव रखने वाले मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की गेंदों की जमकर धुनाई कर रहे थे। सूर्यवंशी ने अपनी 37 गेंद की पारी में 11 छक्के और सात चौके लगाये। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 40 गेंद में 70 रन की पारी खेली लेकिन सूर्यवंशी के बल्ले से ऐसा जलजला निकल रहा था कि उनकी पारी बेनूर हो गई। दस बरस की उम्र से पटना में रोज 600 गेंद खेलने वाले सूर्यवंशी 16.17 वर्ष के नेट गेंदबाजों का सामना करते थे जिनके लिये उनके पिता संजीव सूर्यवंशी 10 अतिरिक्त टिफिन लाया करते थे। लेकिन उनकी सारी मेहनत आज सफल हो गई। अपने बच्चे के क्रिकेट खेलने के सपने को पूरा करने के लिये अपनी जमीन बेचने वाले सूर्यवंशी परिवार के संघर्ष से सफलता की कहानी अब आने वाले समय में क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी।

### बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी करेगी दिल्ली कोलकाता से मुकाबला आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेंगे तो टीम की नजरें बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। दिल्ली को अपने पिछले चार मैच में दो हार का सामना करना पड़ा है जिसमें रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली हार भी शामिल है और टीम लीग चरण के अंतिम मुकाबलों में लड़खड़ाने से बचना चाहेगी। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल ने आक्रामक तेवरों के साथ बल्लेबाजी की है लेकिन वापसी करने के बाद अनुभवी फाफ डु प्लेसी को अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी प्रकृति की पिच पर जूझना पड़ा और उन्हें जल्द से जल्द इससे सामंजस्य बैठाना होगा।

**फुटबॉल**

### मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फाइनल में बनाई जगह

**लंदन।** कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाए लेकिन टीम एक को भी भुनाने में सफल नहीं रही। एफए कप के फाइनल मे उसके सामने क्रिस्टल पैलेस की चुनौती होगी। यह मैच 17 मई को खेला जाएगा।



### एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप डी में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** भारत को सोमवार को कुआलालंपुर में निकाले गए ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के ग्रुप डी में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ रखा गया। म्यांमार छह से 10 अगस्त के बीच एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा। कुल 33 टीम को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पांच टीम हैं जबकि बाकी सात में चार-चार टीम को जगह मिली है। ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता के साथ अंतिम दौर का मेजबान थाईलैंड एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के 12वें टूर्नामेंट की 12 टीम की सूची को पूरा करेंगे। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप से शीर्ष चार टीम 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2024 तक आठ टीम का टूर्नामेंट था जिसे 2026 से 12 टीम की प्रतियोगिता कर दिया गया है।



**टेबल टेनिस**

## भारत को दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण पदक





एजेंसी ▶▶| काठमांडू

भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल किए। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्डी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्विका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में कुशाल चोपड़ा ने साथी भारतीय आर बालामुरुगन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे भारतीयों ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। अंडर-19 लड़कियों के एकल में भी शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम रहे जब अनन्या चंदे ने पृथा वर्तिकार को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### बीसीसीआई सीओई में स्पिन कोच के लिए जोशी सबसे बड़े दावेदार

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। यह पद इस साल की शुरुआत में साईराज बहुतुले के इस्तीफे के बाद खाली हो गया था। बहुतुले आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गए थे। सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रूप में जाना जाता था। यह पहले बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थित था। आधुनिक सुविधाओं से लैस सीओई का संचालन हालांकि बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके बने बेहद बड़े परिसर में हो रहा है। भारत के लिए 1996 से 2002 के बीच 15 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 54 साल के जोशी मौजूदा समय में पंजाब किंग्स आईपीएल टीम में रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई पॉडकास्टर ने हटाए आईपीएल के वीडियो

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड से एक 'विनम्र कानूनी पत्र' मिलने के बाद लोकप्रिय ऑस्ट्रेलियाई पॉडकास्ट से जुड़े सैम पैरी और इयान हिगिंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के कवरेज से जुड़े सभी वीडियो हटा दिए हैं। पैरी और हिगिंस 'द ग्रेड क्रिकेटर' की मेजबानी करते हैं। उन्हें इस सप्ताहांत बीसीसीआई और आईपीएल से एक कानूनी नोटिस मिला। पैरी ने सोमवार को पॉडकास्ट पर कहा, 'आपने देखा होगा कि इस साल के क्रिकेट टूर्नामेंट के हमारे कवरेज से जुड़े प्रत्येक वीडियो को यूट्यूब, यूट्यूब शॉट्र्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स से हटा दिया गया है। यह कुछ ऐसा है जो हमने खुद किया है। हमारे साथ ऐसा किसी और ने नहीं किया, हमने ये वीडियो हटा दिए हैं।

## भारत के 21 मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए पेश करेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली।

भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिए हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे। अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरुआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है।



### युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी में एसएससीबी और हरियाणा का दबदबा

**ग्रेटर नोएडा।** सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) और हरियाणा ने युवा पुरूष और महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में सोमवार को क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में टीम स्वर्ण पदक जीता। एक सप्ताह तक चली स्पर्धा अंडर 19 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2025 के लिये क्वालीफायर भी थी। पुरूष टीम वर्ग में एसएससीबी के मुक्केबाजों ने छह स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। आकाश बदवार (47 से 50 किलो), शिवम (50 से 55 किलो), मौसम सुहाग (60 से 65 किलो) , राहुल कुंडू (70 से 75 किलो), हेमंत सांगवान (85 से 90 किलो) और कृष (90 प्लस) को स्वर्ण पदक मिले। आरईसी लिमिटेड दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में हरियाणा ने तीन स्वर्ण और पांच रजत समेत आठ पदक जीते। यशिका (48 से 51 किलो), विनी (57 से 60 किलो) और निशा (60 से 65 किलो) को स्वर्ण पदक मिले। दिल्ली दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा।

## सुदीरमन कप फाइनल : डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से हार के साथ हुई शुरुआत

# भारत के सामने आज इंडोनेशिया की कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| शियामेन

प्रतियोगिता में बने रहने के लिए इंडोनेशिया जैसी मजबूत टीम को हराने की चुनौती का सामना कर रही भारतीय टीम को मंगलवार को यहां बीडब्लूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स के ग्रुप डी में अपने स्टार एकल खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत के अभियान की शुरुआत रविवार को डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से हार के साथ हुई जिससे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है।

ग्रुप डी से केवल दो टीम आगे बढ़ेंगी और ऐसे में भारत को अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए इंडोनेशिया के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। भारत अगर इंडोनेशिया से हार जाता है तो इंग्लैंड के खिलाफ उसका तीसरा और अंतिम ग्रुप मैच महज औपचारिकता बनकर रह जाएगा। स्टार एकल खिलाड़ियों लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू की खराब फॉर्म के कारण भारत की परेशानियां बढ़ी हैं। हालांकि भारत के लिए कुछ उम्मीद है। लक्ष्य ने अपने पिछले दो मुकाबलों- पेरिस ओलंपिक और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में इंडोनेशिया के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराया है। महिला एकल में इंडोनेशिया की शीर्ष खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग के बाहर होने के बाद सिंधू का सामना दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा जिसे वह अतीत में दो बार हरा चुकी हैं। इंडोनेशिया में पास हालांकि मजबूत युगल खिलाड़ी हैं जिसमें फजर अल्फियान, मुहम्मद रियान अर्दियांतो, लियो रोली कार्नांडो, मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और डेनियल मार्टिन शामिल हैं। ये सभी दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल हैं।



### अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

हरिहरन अम्साकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की अनुभवहीन जोड़ी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। महिला युगल में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया काहया प्रतीवी विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं और त्रीशा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद की गैरमौजूदगी में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने डेनमार्क के खिलाफ प्रभावित किया था। डेनमार्क के खिलाफ तनीषा और श्रुति ही भारत के लिए जीत दर्ज कर पाईं थी। मिश्रित युगल में भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा को इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पिथा हनिंगत्यास मेंटारी की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी से भिड़ना है।

## कनाडा में संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग जारी

# कनाडा की सत्ता में नाटकीय परिवर्तन संभव, मार्क कार्नी और पोइलिवर में कड़ी टक्कर, प्रारंभिक मतदान में 73 लाख से अधिक वोट डाले गए

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के मतदाता सोमवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान करने जा रहे हैं, जिससे देश की सत्ता में नाटकीय परिवर्तन हो सकता है। देश की अवाम नया पीएम चुनने जा रही है। इस चुनाव में अहम मुकाबला पीएम मार्क कार्नी और विपक्षी के नेता पियरे पोइलिवर के बीच माना जा रहा है। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफा देने के बाद मार्क कार्नी को मार्च में कनाडा का पीएम चुना गया था। हालांकि, कनाडा में संसदीय चुनाव अक्टूबर में होने थे लेकिन इन्हें वक्त से पहले करवाया जा रहा है। जनवरी में हुए सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि कंजर्वेटिव निश्चित जीत की ओर बढ़ रहे हैं। बाद में लिबरल पार्टी ने बढ़त हासिल करना शुरू कर दिया। हालांकि हाल के दिनों में प्रतिस्पर्धा कम हो गई है। प्रारंभिक मतदान में 73 लाख से अधिक वोट डाले गए, जो एक रिकॉर्ड है। रविवार को एक पोल में कहा गया कि दोनों आगे चल रही पार्टियों के बीच अंतर करीब 4 फीसदी अंक था, जो शनिवार को थोड़ा ज्यादा था। संघीय चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार स्वतंत्र एजेंसी, इलेक्शन कनाडा, पात्र मतदाताओं को भाग लेने के लिए कई अवसर प्रदान करती है।

चुनाव में बड़ा मुद्दा बना राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ वार

कंजर्वेटिव और लिबरल पार्टी के बीच कांटे की टक्कर



### पूर्व पीएम ट्रूडो के खिलाफ बढ़ा असंतोष

*कनाडा चुनाव में लिबरल पार्टी के पीएम मार्क कार्नी और कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के बीच कड़ी टक्कर है। अब तक विपक्ष के नेता पियरे पोइलिवर को लेकर अच्छा माहौल बना हुआ है। कनाडा में हो रहा चुनाव पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ बढ़ते असंतोष से उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल के लंबे दौर के बाद हो रहा है, जिसके कारण उन्हें अचानक इस्तीफा देना पड़ा था। अगर मार्क कार्नी को जनादेश नहीं मिलता है, तो वे कनाडा के इतिहास में सबसे छोटे टर्म के पीएम होंगे।*

### लिबरल पार्टी को नैरेटिव बदलने में मिली मदद

*इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी एक मुद्दा हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यापार युद्ध और कनाडा को 51वां राज्य बनाने की धमकियों ने कनाडाई लोगों को नाराज कर दिया है। इससे राष्ट्रवाद में उछाल आया है, जिससे लिबरल पार्टी को संसदीय चुनाव में नैरेटिव बदलने में मदद मिली है। क्यूबेक प्रांत के पूर्व प्रीमियर जीन चारेस्ट ने कहा कि ट्रंप ही अभियान हैं। अहम सवाल यह है कि हम ट्रंप का सामना करने के लिए किस व्यक्ति को चुनने जा रहे हैं। सब कुछ बदल गया है।*

### मतदान के दिन से पहले डाले गए वोट

18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक अग्रिम मतदान खुले थे, जिससे मतदाता आम चुनाव के दिन से पहले अपने मतपत्र डाल सकें। लगभग 20 लाख कनाडाई लोगों ने अग्रिम मतदान के पहले दिन मतदान किया, जिसने एक दिन में मतदान का नया रिकॉर्ड बनाया। मतदाता डाक से मतदान करने के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसे 'विशेष मतपत्र' के रूप में जाना जाता है। मेल-इन वोटिंग के लिए आवेदन 23 अप्रैल तक जमा करना था। अब तक, 7.5 लाख से अधिक कनाडाई लोगों ने अपने मेल-इन मतपत्र वापस कर दिए हैं, जो 2021 में ऐसा करने वाले 6.6 लाख से अधिक है।

### आर्थिक सुधारों पर ध्यान

कंजर्वेटिव नेता पोलिएवर ने सबसे कम टैक्स ब्रैकेट में 15 फीसदी की कटौती करने, औद्योगिक कार्बन टैक्स को निरस्त करने और $1.3 मिलियन (कनाडाई डॉलर) तक के पहली बार घर खरीदने वालों के लिए संघीय बिक्री कर को खत्म करने का वादा किया। लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी ने संघीय घाटे को कम करने, सबसे कम ब्रैकेट के लिए सीमांत कर दर को कम करने और $1 मिलियन (कनाडाई डॉलर) से कम की संपत्ति के लिए पहली बार घर खरीदने वालों के लिए देश में माल और सर्विस टैक्स को खत्म करने का वादा किया है।

## खबर संक्षेप

### फ्रांस की मस्जिद में युवक की हत्या



**पेरिस।** फ्रांस की एक मस्जिद में युवक की हत्या करने के संदिग्ध आरोपी ने इटली की पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। आरोपी ने शुक्रवार को फ्रांस के दक्षिण में स्थित शहर ला ग्रांडे कोम्बे की मस्जिद में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने हमले की घटना को अपने फोन पर रिकॉर्ड भी किया था। साथ ही सुरक्षा कैमरों की फुटेज में भी आरोपी की तस्वीर कैद हुई थी। इस हत्याकांड के खिलाफ रविवार को ला ग्रांडे शहर में विरोध प्रदर्शन भी हुआ।

### मोबाइल यूजर्स के लिए जीमेल हुआ अपडेट



**नई दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर मोबाइल यूजर्स के लिए अपने जीमेल एप में अपडेट पेश किए हैं। अपडेट का मकसद डिजाइन में सुधार और एआई तक नई पहुंच के साथ यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाना है। इससे एंड्रॉइड टैबलेट और फोल्डेबल डिवाइस का इस्तेमाल करने वालों को जीमेल एप इंटरफेस से सुविधा होगी। यूजर्स अब लिस्ट और चैट पैन को अपने पसंदीदा आकार में एडजस्ट कर सकते हैं।

## भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच पूर्व पीएम नवाज शरीफ की नसीहत

# बड़े ने दी छोटे को सलाह, मत टकराओ भारत से, भड़काऊ बयानबाजी तत्काली करो बंद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को दो टूक सलाह दी है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव को कम करने के लिए कूटनीति के माध्यम से समाधान खोजें। उन्होंने भड़काऊ बयानबाजी से पाक के प्रधानमंत्री को बचने की सलाह दी। यह सलाह उनके पिछले अनुभवों, पाकिस्तान की मौजूदा कमजोर स्थिति, और क्षेत्रीय स्थिरता की आवश्यकता से प्रेरित है। हालांकि, पाकिस्तानी सेना और आंतरिक राजनीतिक दबाव इस सलाह को लागू करने में बाधा बन सकते हैं। नवाज का यह रुख उनके भारत के प्रति नरम दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो पहले भी उनकी नीतियों में दिखाई दिया है, लेकिन इसका प्रभाव शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के रुख पर निर्भर करेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 तारीख को हुए आतंकी हमले और इसके बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने जैसे सख्त कदमों पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया में आकाश मार्ग भारत वायु सेवा के लिए बंद कर दिये। ऐसी त्वरित प्रतिक्रिया को नवाज शरीफ ने जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया। विदित हो कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। भारत ने इसे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद से जोड़ा है। जिसके कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

आकाश मार्ग भारत वायु सेवा के लिए बंद करना जल्दबाजी

क्षेत्रीय स्थिरता के लिए शांति बनाए रखना जरूरी है

### युद्ध या आक्रामक रुख के बजाए कूटनीतिक रास्ता अपनाएं



नवाज शरीफ ने शहबाज शरीफ को युद्ध या आक्रामक रुख के बजाए कूटनीतिक रास्ते अपनाने की सलाह दी। उन्होंने जोर दिया कि भारत के साथ तनाव को कम करने और संभावित सैन्य टकराव से बचने के लिए सभी कूटनीतिक विकल्पों का उपयोग करना चाहिए। नवाज शरीफ ने कहा कि युद्ध की ओर बढ़ना दोनों देशों के लिए नुकसानदेह होगा, और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए शांति बनाए रखना जरूरी है। पाकिस्तानी नेताओं, विशेष रूप से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ जैसे लोगों की भारत के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी के बीच, नवाज शरीफ ने सावधानी बरतने और उकसावे वाली टिप्पणियों से बचने की सलाह दी।

### भारत के साथ बातचीत को दें प्राथमिकता

*नवाज शरीफ ने शहबाज को सलाह दी कि वह भारत के साथ बातचीत को प्राथमिकता दें, ताकि तनाव को और बढ़ने से रोका जा सके। नवाज शरीफ ने सुझाव दिया कि पहलगाम हमले की जांच के लिए एक अंतरराष्ट्रीय आयोग बनाया जाए, ताकि इस मुद्दे को पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। यह सलाह भारत के उन आरोपों के जवाब में थी, जिसमें उसने हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था। शहबाज शरीफ ने नवाज की सलाह को कुछ हद तक स्वीकार किया, लेकिन उनका रुख आक्रामक भी रहा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अगर भारत की ओर से कोई कार्रवाई हुई तो जवाबी कदम उठाए जाएंगे। शहबाज ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाकर भारत के कदमों पर चर्चा की, जिसमें सेना प्रमुख और प्रमुख मंत्रियों ने हिस्सा लिया।*

### जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय आयोग बने

*इससे पहले रविवार को रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस घटना की जांच के लिए अमेरिका, ईरान, चीन, रूस और ब्रिटेन के अधिकारियों सहित एक अंतरराष्ट्रीय आयोग बनाने की पेशकश की। इसमें कहा गया कि अगर ऐसा होता है, तो पाकिस्तान दुनिया के सामने तथ्य सामने लाएगा। उन्होंने कहा कि दो परमाणु संपन्न देशों के बीच तनाव पूरी दुनिया की स्थिरता के लिए खतरा पैदा करता है, उन्होंने बढ़ते तनाव का जायजा लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जरूरत पर जोर दिया।*

### यूएन में आतंकी संगठन टीआरएफ नाम हटाना चाह रहा पाक

*एजेंसी, लाहौर। पाकिस्तान, चीन की मदद से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश होने वाले पहलगाम ड्राफ्ट से आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटाने की साजिश रच रहा है। पाकिस्तान इस समय यूएनएससी में गैर स्थायी श्रेणी में सदस्य है और अपनी इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए पाकिस्तान पहलगाम हमले में अपनी जवाबदेही से बचना चाहता है। दरअसल टीआरएफ को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन माना जाता है। ऐसे में पाकिस्तान को डर है कि अगर यूएनएससी में पहलगाम ड्राफ्ट में टीआरएफ का नाम हुआ तो वह फंस सकता है और उस पर टीआरएफ के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बन सकता है। ऐसे में पाकिस्तान ने नापाक चाल चलते हुए ड्राफ्ट से ही टीआरएफ का नाम हटाने की साजिश रची है और इस काम में उसने अपने पुराने साथी चीन की मदद मांगी है।*

## अब राणा उगलेगा मुंबई हमले के राज

# एनआईए की दलील मंजूर, कोर्ट ने 12 दिन की रिमांड पर भेजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनआईए ने सोमवार को 26/11 के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान एनआईए की टीम ने कोर्ट से तहव्वुर की 12 दिन रिमांड मांगी। एनआईए ने 12 दिन की कस्टडी की मांग करते हुए दलील दी कि राणा जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। बता दें कि अदालत ने तहव्वुर राणा को 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, एनआईए की कानूनी टीम का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दायम कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेंद्र मान पटियाला हाउस कोर्ट पहुंचे थे। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा तहव्वुर राणा का पक्ष रखा।

### पहले फैसला रखा था सुरक्षित

बताया गया कि विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने एनआईए की अर्जी पर पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। लेकिन शाम को हुई सुनवाई के दौरान तहव्वुर राणा को 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया। अब एनआईए की टीम तहव्वुर राणा से 12 दिन तक पूछताछ करेगी। माना जा रहा है कि राणा रिमांड पर कुछ बड़े राज भी खोल सकता है। इससे पहले, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट में भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। इससे पहले 11 अप्रैल को कोर्ट ने राणा को 18 दिन की हिरासत में भेजा था। इस दौरान एनआईए ने उससे 2008 के घातक हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए विस्तार से पूछताछ की।

### 2009 हुआ था अमेरिका में गिरफ्तार

*26/11 मुंबई हमले में 174 लोगों की जान गई थी और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस हमले को पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने अंजाम दिया था। राणा पर आरोप है कि उसने इस हमले की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी। 2011 में भारतीय अदालत ने उसे दोषी ठहराया था, लेकिन वह उस समय अमेरिका में था। 2009 में अमेरिका में उसकी गिरफ्तारी हुई थी, और तब से वह प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहा था।*


## रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ऐलान

# 'विजय दिवस' के अवसर पर 8-10 मई को युद्ध विराम, नहीं करेंगे हम हमला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय 'क्रेमलिन' ने यूक्रेन में 8 से 10 मई तक पूर्ण युद्धविराम की सोमवार को घोषणा की। रूस ने द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजी जर्मनी पर जीत के अवसर पर आयोजित 'विजय दिवस' के उपलक्ष्य में यह घोषणा की है। यह युद्धविराम आठ मई की मध्यरात्रि से शुरू होगा और 10 मई तक चलेगा। क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 9 मई को विजय दिवस के लिए 'मानवीय आधार' पर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई को पूरी तरह से रोकने का आदेश दिया है।

### पुतिन ने उत्तर कोरिया को दिया धन्यवाद



वहीं, पुतिन ने रूसी सैनिकों के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए उत्तर कोरिया को सोमवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह उसके बलिदानों को कभी नहीं भूलेंगे। इससे कुछ ही घंटों पूर्व, उत्तर कोरिया ने सोमवार को पहली बार पुष्टि की कि उसने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहायता के लिए रूस में सैनिक भेजे हैं। रूस और उत्तर कोरिया के ये बयान उनकी बढ़ती सैन्य साझेदारी को दर्शाते हैं। पुतिन ने कहा कि रूसी लोग उत्तर कोरिया के विशेष बलों की वीरता को कभी नहीं भूलेंगे। हम हमेशा उन नायकों का सम्मान करेंगे जिन्होंने रूस के लिए, हमारी साझा स्वतंत्रता के लिए अपने रूसी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते हुए अपनी जान दी।

## यह जानकारी स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट से मिली है

# पहलगाम आतंकी हमले के बीच पाकिस्तान से 9 गुना अधिक हुआ भारत का सैन्य खर्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की वजह से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी-स्वीडन) की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक ने यह दावा किया है कि बीते साल 2024 में पाकिस्तान की तुलना में भारत के सैन्य खर्च में 9 गुना की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस दौरान भारत ने अपनी सशस्त्र सेनाओं (सेना, नौसेना और वायुसेना) की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुल करीब 86.1 बिलियन डॉलर की धनराशि खर्च की है। जबकि इसी अवधि में पाकिस्तान का सैन्य खर्च 10.2 बिलियन डॉलर पर रहा। 'ट्रेंड्स इन वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडीचर' शीर्षक से प्रकाशित की गई सिपरी की रिपोर्ट में सैन्य खर्च के मामले में दुनिया के बाकी देशों के साथ दी गई वैश्विक रैंकिंग में भारत पांचवें स्थान पर और पाकिस्तान 29 स्थान पर काबिज हुआ है। इस लिहाज से देखें तो भारत के मुकाबले पाकिस्तान का सैन्य खर्च महज 11.84 फीसदी है।

### शीर्ष पर काबिज हुआ अमेरिका

2024 में सैन्य खर्च के मामले में 997 बिलियन डॉलर के साथ अमेरिका शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर 314 बिलियन डॉलर के साथ चीन और तीसरे स्थान पर 149 बिलियन डॉलर के साथ रूस काबिज हुआ है। चौथे स्थान पर 88.5 बिलियन डॉलर के साथ जर्मनी और पांचवे स्थान पर 86.1 बिलियन डॉलर के साथ भारत शामिल हुआ है।

### चीन का दबदबा बरकरार

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की स्थिति देखने पर पिछले साल 2024 में उसका सैन्य खर्च भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त सैन्य खर्च के आंकड़े को भी पार कर गया है। 2024 में चीन का रक्षा खर्च 314 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। उसकी तुलना में भारत का रक्षा खर्च 86.1 बिलियन डॉलर, जापान का 55.3 बिलियन डॉलर, दक्षिण कोरिया का 47.6 बिलियन डॉलर और ऑस्ट्रेलिया का 33.8 बिलियन डॉलर है। चारों देशों के सैन्य खर्च का कुल जोड़ 222.8 बिलियन डॉलर होता है। जो कि चीन के 314 बिलियन डॉलर से कम है। अमेरिका के बाद चीन दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है। 2015 के बाद से साल दर साल उसके सैन्य खर्च का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। उधर, 2015 से बीते वर्ष की तुलना करने पर भारत के सैन्य खर्च के आंकड़े में 42 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है।

### भारतः नहीं चाहिए हथियार आयातक का लेबल

सिपरी ने यह भी स्पष्ट किया है कि कैसे भारत जैसा दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश एक ऐसी नीति पर चल पड़ा है। जिसमें उसने यह लक्ष्य रखा है कि वह हथियारों की दुनिया के बाकी देशों से खरीद या आयात पर निर्भरता को कम करेगा। भारत की रक्षा हथियारों की पूंजीगत खरीद की नीति में भी 75 फीसदी धनराशि घरेलू हथियारों निर्माताओं से सैन्य खरीद के लिए निर्धारित की गई है। भारत के इस प्रयास में बीते कुछ सालों में सराहनीय प्रगति देखने को मिली है। बावजूद इसके कुछ जटिल और उन्नत रक्षा उपकरणों, हथियारों के मामले में वह आज भी दुनिया के बाकी देशों पर निर्भर है। इसमें लड़ाकू विमान मुख्य रूप से शामिल हैं।

### सेनाओं के आधुनिकीकरण का लक्ष्य

चीन ने 2015 से 24 के दशक के बीच अपने सैन्य खर्च में 59 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके पीछे ड्रैगन द्वारा अपने पड़ोसियों के साथ अपनाई जाने वाली नीति पर प्रभाव डालना अहम वजह रही है। उसके दीर्घावधि लक्ष्यों में अपनी सशस्त्र सेनाओं का तेजी से आधुनिकीकरण करने का लक्ष्य शामिल है। इसमें कुछ सुधार के साथ नई क्षमताओं को भी शामिल किया गया है। नए स्टेल्थ लड़ाकू विमान, यूएवी और बिना चालक दल के पानी के अंदर संचालन में सक्षम वाहन भी इसका हिस्सा हैं। कुछ इसी तर्ज पर ड्रैगन अपने परमाणु हथियारों के जखीरे को भी आगे बढ़ाने में लगा हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंक पर प्रहार, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कसा कानूनी शिकंजा, डोडा में 13 ठिकानों पर रेड

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की, ताकि आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़ किया जा सके और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साथ ही, श्रीनगर पुलिस ने आतंकियों के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की, शहर में कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए। यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई। पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए। पुलिस ने कहा कि गवाहों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी अभियान किया गया था। इसका लक्ष्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री बरामद करना है और आतंकवादी गतिविधियों की साजिशों का पता लगाना है।

### राजौरी में दिखे 4 संदिग्ध, तलाशी अभियान



राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में चार संदिग्ध व्यक्तियों के देखे जाने के बाद तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षा एजेंसियां और सेना के जवान इलाके में तलाशी ले रहे हैं, ताकि संदिग्धों को पकड़ा जा सके और इलाके में सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। यह अभियान दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया, जिसमें 22 अप्रैल को 26 लोग मारे गए थे।

### पर्यटक घटे, होटल बुकिंग रद्द

कटड़ा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हमले से पर्यटन भी प्रभावित हुआ है। उनका कहना था कि अब तक लगभग 35 से 37% होटल बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। अमरनाथ यात्रा में भी यात्रियों की संख्या 45,000 से घटकर 20,000 से 22,000 तक रह गई है।

## पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने भारत की तैयारी

# स्वीडन से भारतीय सेना को मिला एटी4 रॉकेट लॉन्चर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच, स्वीडन से भारत को एक महत्वपूर्ण एंटी-आर्मर हथियार की डिलीवरी की गई है। यह वही हथियार है जिसे 2016 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट करने में इस्तेमाल किया गया था। सर्जिकल स्ट्राइक वाले कार्ल गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर की डिलीवरी की स्वीडन की साब कंपनी ने कहा कि हमें भारतीय सशस्त्र बलों को अपने एटी4 एंटी-आर्मर हथियार प्रणाली की सफल डिलीवरी की घोषणा करते हुए गर्व है। यह एटी4 रॉकेट लॉन्चर का एडवांस वर्जन है जो भारतीय सेना के लिए एक रणनीतिक ताकत बन सकता है। इस सिस्टम को खास तौर पर सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने कहा कि हमें गर्व है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने हमारे एटी4 सिस्टम को अपनाया है, जो अब भारतीय शस्त्रागार का हिस्सा बन गया है। स्वीडन से मिल रहे एटी4 रॉकेट लॉन्चर्स से भारतीय सेना की ताकत में नया इजाफा हुआ है।

सीमित स्थानों में हमले के लिए डिजाइन किया गया

भारतीय सेना की ताकत और अधिक मजबूत हुई

### कार्ल-गुस्टाफ से हल्का और प्रभावी



एटी-4 रॉकेट लॉन्चर, कार्ल-गुस्टाफ की तुलना में हल्का और ज्यादा प्रभावी है। यह एक सिंगल-शॉट सॉल्यूशन के रूप में काम करता है, जो दुश्मन के बंकर और अन्य संरचनाओं को नष्ट करने के लिए अत्यंत प्रभावी है। सेना के लिए इसका फायदा यह है कि यह कंधे से फायर करने में आसान होगा और सैनिक इसे आसानी से अपने साथ ले जा सकेंगे। 2016 में, भारतीय सेना के पैरा-एसएफ कमांडो ने कार्ल-गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल करके पीओके में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट किया था। उस समय, सैनिकों ने कंधे पर रॉकेट लॉन्चर लादकर इन हमलों को अंजाम दिया था, जो उनकी सफलता का एक अहम हिस्सा साबित हुआ। यह हथियार सीमित स्थानों में प्रभावी साबित होगा और सेना को मजबूत रणनीति तैयार करने में मदद देगा।

### प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन से चुना गयाः साब

साब कंपनी ने कहा कि प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन के माध्यम से चुने जाने के बाद, एटी4 भारतीय शस्त्रागार में शामिल हो गया है, जो अल्प-श्रृंखला के युद्ध के लिए एक विश्वसनीय एकल-शॉट समाधान के रूप में कार्य करता है। भारत ने एटी4सीएस एएसटी वेरिएंट का अधिग्रहण किया है, जिसे विशेष रूप से सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें इमारतों, बंकरों और अन्य शहरी वातावरण से उपयोग शामिल है। भारतीय सशस्त्र बल, हमारे कार्ल-गुस्टाफ प्रणाली के दीर्घकालिक उपयोगकर्ता, हमारे एटी4 हथियार प्रणाली पर अपना विश्वास बढ़ाते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109